केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406


# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 237 सोमवार 18 मार्च 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## चुनावी बाण्ड का विवरण सार्वजनिक



**नई दिल्ली (आभा)।** चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों द्वारा सीलबंद कवर के तहत जमा किए गए चुनावी बांड विवरण सार्वजनिक कर दिया है. माना जा रहा है कि विवरण 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं. इस तारीख के बाद के चुनावी बांड विवरण पिछले सप्ताह चुनाव पैनल द्वारा सार्वजनिक किए गए थे. चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि राजनीतिक दलों ने सुप्रीम कोर्ट के 12 अप्रैल, 2019 के अंतरिम आदेश के निर्देशानुसार, सीलबंद कवर में चुनावी बांड का डेटा दाखिल किया था।

आयोग ने अपने बयान में कहा, "राजनीतिक दलों से प्राप्त डेटा सीलबंद लिफाफे को खोले बिना सुप्रीम कोर्ट में जमा किया गया था. 15 मार्च, 2024 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में, सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने सीलबंद कवर में एक पेन ड्राइव में डिजिटल रिकॉर्ड के साथ फिजिकल कॉपी वापस कर दी।

सुप्रीम कोर्ट के 15 मार्च, 2024 के आदेश के अनुसार, वो सीलबंद डाटा भी सार्वजनिक करना था. पीठ ने रजिस्ट्री से उस डाटा की स्कैन नकल सुरक्षित रख मूल आंकड़े की प्रति आयोग को लौटा देने का आदेश दिया. निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉन्ड्स पर सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से डिजीटल रूप में प्राप्त डेटा को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

पिछले गुरुवार को, चुनाव आयोग ने 12 अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 तक जारी किए गए चुनावी बांड पर डेटा जारी किया था, यहां तक घ्कि उसने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और पिछली अवधि का डेटा को वापस करने के लिए कहा ताकि इसे भी सार्वजनिक किया जा सके. आयोग ने 12 अप्रैल, 2019 और 2 नवंबर, 2023 को पारित शीर्ष अदालत के अंतरिम आदेशों के अनुसार 12 अप्रैल, 2019 से पहले बेचे गए और भुनाए गए चुनावी बांड का विवरण सुप्रीम कोर्ट को भेजा था।

## एक नजर

### सरयू में स्नान करने गए युवक की डूबने से मौत



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**बस्ती।** कलवारी थानाक्षेत्र के नौरहनी घाट पर रविवार को स्नान करने गए युवक की डूबने से मौत हो गई है। सूचना पर पहुंचे कलवारी और लालगंज पुलिस ने ग्रामीण गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला।

मुंडेरवा थानाक्षेत्र के कुरियार निवासी अंकुर (24) पुत्र प्रहलाद सरयू नदी के नौरहनी घाट पर अपने दोस्तों के साथ सुबह में स्नान करने के लिए गया था। स्नान करते समय अंकुर का पैर फिसला और वह गहरे पानी में चला गया। अंकुर को डूबता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। जब तक अंकुर के पास लोग पहुंचते तब तक अंकुर नदी की धारा में समा गया।

स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कलवारी और लालगंज पुलिस को दी। कलवारी पुलिस ने ग्रामीण गोताखोरों की मदद से अंकुर के शव को नदी से बाहर निकाला, तब तक अंकुर की मौत हो गई थी। अंकुर चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। वह लालगंज थानाक्षेत्र के रौतापार बाजार में किराना की दुकान चलाता था।

### बिहार जा रही कार पीछे से ट्रेलर में भिड़ी, चार घायल

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। हाईवे पर रविवार सुबह दिल्ली से बिहार जा रही कार आगे चल रहे ट्रेलर में घुस गई। कार में सवार चार लोग घायल हो गए, जिनमें से दो लोगों को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी कप्तानगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

रविवार सुबह करीब 11 बजे दिल्ली से बिहार के सीवान जा रही कार के चालक को झपकी लग गई और कप्तानगंज थाना क्षेत्र के महाराजगंज चौकी अंतर्गत ककुआ रावत के पास कार आगे चल रहे ट्रेलर में घुस गई। कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार चार लोग जख्मी हो गए। बीच सड़क पर गाड़ी क्षतिग्रस्त होने के चलते लंबा जाम भी लग गया। महाराजगंज चौकी के अलावा कप्तानगंज थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी कप्तानगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान अब्बू बकर निवासी नांगलोई दिल्ली, मेहताब निवासी लिठारी वाटिका थाना प्रेमनगर दिल्ली, अफजल निवासी बिजनौर, थाना प्रेमनगर, दिल्ली और विशाल निवासी भिंगारी बाजार, देवरिया के रूप में हुई है।

### भाजपा सरकार में हुआ सबसे ज्यादा विकास –महेंद्र पांडे

**संवाददाता–अयोध्या।** केंद्रीय मंत्री महेंद्र पांडे अपने संसदीय क्षेत्र चंदौली से हजारों की संख्या में राम भक्तों को लेकर अयोध्या पहुंचे और राम लला का दर्शन किया। ये सभी राम भक्त 153 बसों से अयोध्या पहुंचे थे, दर्शन पूजन के बाद सर्किट हाउस में केंद्रीय मंत्री महेंद्र पांडे ने लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन पर कटाक्ष किया और कहा ष्भारत में एक ही गठबंधन है, वह गठबंधन है नरेंद्र मोदी जैसे तपस्वी नेता के संग जनता से सीधे लगाव का गठबंधन, आज यह लगाव सभी माता बहन, भाई बंधु में बड़े बुजुर्गों में, छोटे बच्चों में सर्वत्र प्रतीत होता है, आज सबके मन में यह विश्वास और आशा का गठबंधन है, ये महान नेता देश को विकसित बना सकता हैं।

## आशीष शुक्ल समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष, पूर्व जिला मंत्री रहे आशीष शुक्ल रविवार को अपने समर्थकों के साथ पुनः भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने आशीष शुक्ल और उनकी पत्नी नेहा शुक्ला के साथ ही समर्थकों को सदस्यता दिलाया।

ज्ञात रहे कि नगर पालिका परिषद के चुनाव में पार्टी का टिकट न मिलने से आहत आशीष शुक्ल की पत्नी नेहा शुक्ला निर्दलीय चुनाव मैंदान में आ गयी थी जिसके चलते भाजपा को पराजय का सामना करना पडा था। आशीष शुक्ल को पार्टी से 6 वर्षो के लिये निष्कासित कर दिया गया था किन्तु लोकसभा चुनाव को देखते हुये जब पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों ने आशीष शुक्ल से घर वापसी का आग्रह किया तो वे मान गये।

भाजपा में घर वापसी के बाद आशीष शुक्ल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वे किसी दूसरे दल में नहीं गये थे और अब पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करते हुये लोकसभा के चुनाव में दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 50 मरीजों का उपचार



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। रविवार को अभय शक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मकबूलगंज चौराहे पर स्थित आयुष हास्पिटल पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य ट्रस्टी अभय कुमार पाण्डेय ने बताया कि शिविर में डा. ए.के. दूबे ने 50 लोगों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया गया। आयुष हास्स्पिटल के संचालक सिंधु सिंह शिविर संचालकों के प्रति आभार व्यक्त किया। अभय कुमार पाण्डेय ने बताया कि समय– समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे गरीब मरीजों और उनके परिजनों को लाभ मिल सके। शिविर के संचालन में मुख्य रूप से आशुतोष त्रिपाठी, सौरभ ओझा, अमित निराला, नीतीश सिंह, शुभम सिंह, ज्ञान प्रकाश यादव, शिमला विश्वकर्मा, मनीषा, साक्षी आदि ने योगदान दिया।

## महिला आंगनबाड़ी संघ के अधिवेशन में उठे मुद्दे, रतनबाला अध्यक्ष, सरोज शुक्ला मंत्री बनीं





**- जो आपके कर्तब्य हैं वही बच्चों का अधिकार है- रतनबाला**
**- आंगनबाड़ी कर्मियों से बेगार करा रही है सरकार- नीलम**
**- मनरेगा मजदूर से कम है मानदेय- नीतू सिंह**

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। रविवार को महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के बस्ती शाखा का एक दिवसीय अधिवेशन स्थानीय मैरिज हाल में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता संघ की जिला अध्यक्ष रतनबाला श्रीवास्तव ने, मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री नीलम पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि नीतू सिंह प्रादेशिक संयुक्त मंत्री, जनपद के विभिन्न सम्बर्गो के सेवानिवृत्त एवं वर्तमान कर्मचारी नेताओं सहित अन्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। संघ की जिलाध्यक्ष लौह महिला रतनबाला श्रीवास्तव को उनके द्वारा महिलाओं, बच्चों, मजदूरों, एवं कर्मचारियों के प्रति की गई सेवाओं के लिए माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

जिले के सभी 15 परियोजनाओ से सैकड़ों की संख्या में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं ने अधिवेशन में आगामी 2 वर्षो के लिए जिला कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चुनाव चुनाव अधिकारी संघ के मण्डल अध्यक्ष शिवसागर पाण्डेय के देख रेख में सम्पन्न हुआ।

संघ की प्रदेश अध्यक्ष नीलम पाण्डेय, प्रादेशिक संयुक्त मंत्री नीतू सिंह जिलाध्यक्ष रतनबाला श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से मां स्वरस्वी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि करते हुए कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किये।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री नीलम पाण्डेय, प्रदेशिक संयुक्त मंत्री नीतू सिंह, सन्त कबीर नगर के संरक्षक अयोध्या प्रसाद चौधरी, सिद्धार्थ नगर की गोरखपुर पुर की अध्यक्ष, सीटू नेता कामरेड कुमार कार्तिकेय त्रिपाठी, एटक नेता अशर्फी लाल, शिक्षक नेता अनिरूद्ध त्रिपाठी एवं उदय शंकर शुक्ला, राजकीय वाहन चालक संघ के संरक्षक नरेन्द्र देव मिश्रा, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के नेता मस्तराम वर्मा, राज्य कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष शब्बर रजा, महासंघ महामंत्री शिवशंकर कुमार, संयुक्त परिषद के नेता राम अधार पाल,बयोबृद्ध महिला नेता कंवलजीत कौर, वरिष्ठ पत्रकार हरीश पाल, ध्रुव चन्द, राधेश्याम तिवारी,अभिराज चौधरी, सिंचाई विभाग के नेता रामनाथ, बैक नेता वंश गोपालपुर मिश्रा, राम अजोर यादव को माला पहनाकर अंगवस्त्र ओढा कर उनके द्वारा मजदूरों, कर्मचारियों, महिलाओं, बच्चों एवं समाज के दबे कुचले लोगों की गई सेवाओ के लिए सम्मानित किया गया।

अधिवेशन में आई जिले के विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओ को सम्बोधित करते हुए नीलम पाण्डेय मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी कर्मियों को अंशकालिक कर्मी मान कर मानदेय बढ़ोतरी सहित अन्य सुविधाएं नहीं देती है। किन्तु ग्राम पंचायत एवं ब्लाक स्तर पर ऐसा कोई कार्य नहीं है जो बिना आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के हो पावे, मोटा वेतन पाने वाले कर्मचारियों के बराबर कार्य करने वाली कार्यकत्रियां उपेक्षित है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकार पाने के लिए संगठित हो, संघर्ष करे वही अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहें। क्योंकि जो कार्य आप को शासन द्वारा देश को सुयोग्य नागरिक देने की पवित्र जिम्मेदारी दी गई है जो मां और शिक्षक करते हैं आप को एक साथ दोनों दायित्व सौपा गया है इसी लिए शासन ने आप को 'यशोदा मां' की उपमा दी है। उन्होंने कहा 'जो आप का दायित्व है वही आंगनबाड़ी के बच्चों का अधिकार भी है।'

अपने उद्बोधन में प्रादेशिक संयुक्त मंत्री नीतू सिंह ने कहा कि आप अपने हक के लिए भी अपने अधिकारियों से डरती हैं। 2016 के आन्दोलन के दौरान मैंने अपना घर परिवार छोड़ कर पूरे प्रदेश का दौरा करती रही, मुकदमा झेल रही हूं, फिर भी अपने अधिकारों के लिए डट संघर्ष कर रही हूं।

अधिवेशन में अगले 02 वर्षो के लिए जिला कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव हुआ जिसमें 'संरक्षक' कामरेड के.के. श्रीवास्तव, अध्यक्ष रतनबाला श्रीवास्तव, 'वरिष्ठ उपाध्यक्ष' रानी सिंह हर्रैया से, 'उपाध्यक्ष–' चन्द्र प्रभा यादव दुबौलिया,शाकुन्त शुक्ला गौर,ओमकान्ति परशुराम,ऊषा शर्मा विक्रमजोत, सुमन लता पाण्डेय विक्रमजोत 'मंत्री–' सरोज शुक्ला सल्टौआ गोपालपुर, 'संयुक्तमंत्री –' कुसुम चौधरी रूधौली,सुनीता सिंह रामनगर,नीलम शुक्ला सल्टौआ गोपालपुर,सरला चौधरी कुदरहा,'संगठन मंत्री –' संतोषी शुक्ला साऊघाट, सुमनलता त्रिपाठी हरैया, अनीता पाण्डेय शहर, शारदा देवी बनकटी, 'प्रचार मंत्री–' सलमा परबीन हर्रैया,शैल कुमारी सदर, अनीता सिंह दुबौलिया,सुमन मिश्रा रामनगर, सुधा उपाध्याय गौर 'कार्यालय मंत्री –' विमला देवी बहादुर पुर,अजिता सोनी शहर 'मीडिया प्रभारी –' मिथिलेश पाण्डेय सदर,'कोषाध्यक्ष –' उर्मिला त्रिपाठी साऊघाट 'सहकोषाध्यक्ष–' शीला देवी कुदरहा 'कार्यकारिणी सदस्य –' अनीता कुमारी साऊघाट, अमिता शहर, शाशिकला बनकटी,आशा पाण्डेय शहर चयनित पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यों को चुनाव अधिकारी एवं मण्डल अध्यक्ष शिवसागर पाण्डेय द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का संचालन नव चयनित संरक्षक एवं जिला ट्रेड यूनियन कौंसिल के महासचिव कामरेड के.के. श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर भाईचारा एवं सौहार्द के त्यौहार होली के उपलक्ष्य में अबीर गुलाल के साथ फूलों की होली खेली गई।

## अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम में 2 जून को होगी मतगणना

**नई दिल्ली (आभा)।** अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की मतगणना कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। निर्वाचन आयोग की ओर से बताया गया कि इन दोनों राज्यों में 4 जून को नहीं, बल्कि 2 जून को वोटों की गिनती होगी। लोकसभा चुनाव के साथ–साथ अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को एक चरण में विधानसभा चुनाव भी होंगे। आयोग ने कहा कि चूंकि दोनों विधानसभाओं का कार्यकाल 2 जून को समाप्त हो रहा है, इसलिए तारीख बदल दी गई है। हालांकि, अरुणाचल और सिक्किम के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम के संबंध में कोई बदलाव नहीं होगा। मालूम हो कि आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी संसदीय चुनावों के साथ विधानसभा चुनाव होने हैं।

अरुणाचल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन ने कहा कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च होगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 30 मार्च है। सीईओ ने कहा कि 5 जनवरी 2024 तक राज्य में मतदाताओं की कुल संख्या 8,82,816 है, जिनमें 4,33,760 पुरुष और 4,49,050 महिलाएं हैं। राज्य की फोटो मतदाता सूची और मतदाता फोटो पहचान पत्र की कवरेज शतप्रतिशत है।

## बस्ती में 28 अप्रैल तक कर सकेंगे मतदाता सूची में सुधार के आवेदन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में मतदाता सूची में छूटे हुए नाम जोड़ने, नाम, फोटो, पता की अशुद्धि सही करने के लिए 28 अप्रैल को शाम 5.00 बजे तक आवेदन किया जा सकेगा। उक्त जानकारी जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिया है। वे लोकसभा निर्वाचन की तिथि निर्धारित होने के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आश्वस्त किया कि राजनीतिक दलों को दी गई अंतिम मतदाता सूची एवं मतदान के लिए बूथ पर दी गई मतदाता सूची एक होगी। इसमें किसी प्रकार का अंतर नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि समय–समय पर नाम जोड़े जाने के बाद भी मतदाता सूची दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की घोषणा होने के बाद आयोजित किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों की अनुमति संबंधित उप जिलाधिकारी से प्राप्त करें। अनुमति के लिए सुविधा एप पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। अनुमति के लिए संबंधित कार्यालय में ऑफलाइन भी प्रार्थना पत्र दिया जा सकता है। मतदेय स्थल को जाने वाले रास्ते, रूट प्लान, क्रिटिकल एवं बरनरेबल बूथ तथा किसी राजनीतिक दल के साथ जुड़कर प्रचार–प्रसार करने वाले अधिकारी,कर्मचारी के बारे में समय से सूचना प्रदान करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सुझाव पर कर्मचारियों की प्रशिक्षण के दौरान उन्हें 17 सी फार्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी दिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम कमलेश चंद्र ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी और इसी के साथ नामांकन शुरू हो जाएगा। नामांकन करने की अंतिम तिथि 6 मघ्ई है। नामांकन की जांच 7 मई, नाम वापसी 9 मई, तथा मतदान 25 मई को होगा। मतगणना 4 जून को संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका फोन नंबर–05542–247132 है। प्रचार हेतु तैयार किए गए वीडियो, सोशल मीडिया सामग्री का सत्यापन कराना होगा, अनुमति मिलने के बाद ही इसे संचालित कर सकते हैं।बैठक में सीआरओ संजीव ओझा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद, उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक, विनोद पांडेय, आशुतोष तिवारी, सत्येंद्र कुमार सिंह, विधायक महेंद्र नाथ यादव तथा राजनीतिक दल के ज्ञानेंद्र पांडेय, राम सुभाष वर्मा, के. के. तिवारी, जय हिंद गौतम, राजमणि पटेल एवं राजेश राम उपस्थित रहे।

## विश्व हिन्दू महासंघ ने हिन्दू हितों के लिये बनाया भाजपा प्रत्याशी के जीत की रणनीति



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । रविवार को भारतीय जनता पार्टी के मालवीय रोड स्थित चुनाव कार्यालय पर सांसद एवं पार्टी प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के साथ विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की बैठक महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव में दायित्वों के निर्धारण और बूथवार योगदान एवं तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया।

सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी ने बैठक में केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में किये जा रहे विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी देने के साथ ही कहा कि पिछले 500 वर्षो से लम्बित श्री अयोध्याधाम में भव्य श्रीराम मंदिर का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकार्पण किया। विश्व हिन्दू महासंघ लम्बे समय से इसकी मांग कर रहा था। कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। पिछले 10 वर्षो में सांसद के रूप में उनके द्वारा अनेक कार्य कराये गये। उन्होने विश्व हिन्दू महासंघ से चुनाव में सहयोग की अपेक्षा किया।

बैठक में विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि महासंघ पूरी निष्ठा से चुनाव में हिन्दुत्व को मजबूत करने के लिये भाजपा के साथ है। महासंघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता घोषणा के साथ ही भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिये जुट गये हैं।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री दिग्विजय सिंह राणा, मण्डल प्रभारी अभिनंदन तिवारी, प्रदेश मंत्री अजय मिश्रा, बिन्द गोपाल त्रिपाठी, परमानन्द गुप्ता, अमरजीत सिंह, पलटू राम, विपिन सिंह, मंटू चौधरी, राकेश सिंह, भानु गुप्ता, मारकण्डेय पाण्डेय, जगत मोहन सिंह, बीक्कू सतीश पाण्डेय, पप्पू सचिन त्रिपाठी, वरुण तिवारी, अरविंद सिंह, बाबा जयप्रकाश दास, सौरभ तिवारी, डा0 परशुराम साहनी, चंद्रकांत पाण्डेय, वीनस जायसवाल, बंटी पाल, देवेंद्र प्रताप सिंह 'बबलू' चंद्रेश पाठक, डब्लू सिंह राणा के साथ ही महासंघ के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में झूमा बचपनः सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बनकटी, (बस्ती)। विकास खण्ड बनकटी के महादेवा पगारखास मे स्थापित एफएसजीडी कॉन्वेंट स्कूल व फुनन्न सिंह गौरी देवी कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक रघुनाथ सिंह के संयोजन में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बस्ती के सांसद हरीश द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ–साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारिक एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमो में छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने, मंच के भय को दूर करने, आत्मविश्वास प्राप्त करने और सहयोग करने के साथ सीखने की अनुमति देता है।

वास्तव में विद्यालय के वार्षिकोत्सव का उद्देश्य मनोरंजन ही नहीं बल्कि सभी छात्र–छात्राओं की रूचियों और प्रगति का विकास होता है । ऐसे कार्यक्रमो से विद्यार्थियों में नए उत्साह और प्रेरणा की अनुभूति होती है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक व प्रमुख प्रतिनिधि रघुनाथ सिंह ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। इस वार्षिकोत्सव के अवसर पर विशेष रूचि तथा कलात्मक प्रतिभा रखने वालों को भी अपनी कलाएं और रूचियां प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है। इस बहाने बच्चों के अभिभावक भी विद्यालय आकर बच्चों की प्रगति देख सकते हैं।

इस दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्हे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम जैसे स्वागत गीत, सरस्वती वंदना,काली तांडव,श्री गणेश, कव्वाली, फनी डांस, छोटा बच्चा डांस, गुलाबी शरण,कार्यक्रम की लोगों ने खूब प्रसंसा कर आनंद लिया।

विद्यालय परिसर मे मनाए गए इस वार्षिकोत्सव पर अपने समस्त स्टाफ को हरीश द्विवेदी, रघुनाथ सिंह, रामायण सिंह, प्रीति सिंह,विशाल सिंह,रविन्द्र सिंह व एम. जे.एस परिवार के तरफ से पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

समारोह मे आये विशिष्ट अतिथि में ई.अरविंद पाल, मेवाती देवी,विवेकानंद शुक्ला, जादीश शुक्ला,सत्यनारायण शुक्ला,ओम प्रकाश सिंह, अश्वनी उपाध्याय,डॉ अनिल कुमार,वीडीयो भवानी शंकर शुक्ला आदि लोगों ने अपने–अपने विचार व्यकत किये । इस दौरान कार्यवाहक प्रबंधक रामायण सिंह, प्रधानाचार्य प्रीति सिंह राठौड़ ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आर्शीवाद दिया।

इस अवसर पर रविचन्द पाण्डेय, राजेन्द्र चौधरी, बब्लू दूबे, रणजीत उपाध्याय,शरद शर्मा, अनवर हुसैन, अभिषेक, जगदम्बा शुक्ला, सुनील पाण्डेय,रमेश अग्रहरि, वीरेंद्र,भूपेश,गंगेश, शशि धीरज, गीता, सरोजिनी, आशा, नीत, सारिका,ददन उपाध्याय,आस्था,व समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा ।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 18 मार्च 2024 सोमवार

## सम्पादकीय

# चुनावी बान्ड पर सियासी घमासान

देश में आम चुनावों की घोषणा से दो दिन पहले निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉन्ड का वह ब्योरा आम कर दिया, जिसे भारतीय स्टेट बैंक ने उसे सौंपा था। क्या यह विवरण कोई बड़ा सियासी बवंडर बरपा कर सकता है? क्या चुनाव परिणामों पर इसका असर पड़ सकता है? इन सवालों का जवाब ढूंढ़ने से पहले एक बार समूचे घटनाक्रम को समझ लेना जरूरी है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार ने अपने पहले सत्ता–काल में चुनावी चंदे को 'पारदर्शी' बनाने के लिए इस बॉन्ड योजना की शुरुआत की थी। इस योजना की अधिसूचना जारी होने से पहले ही बवाल मच गया था। विपक्ष का आरोप था कि सरकार सुनियोजित तरीके से भारतीय जनता पार्टी की मदद करना चाहती है। चुनाव संबंधी मामलों में पिछले कई बरसों से रुचि रखने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' ने तमाम सवाल उठाते हुए आला अदालत का दरवाजा खटखटा दिया था। सुप्रीम कोर्ट को किसी फैसले तक पहुंचने में सात साल लग गए, तब तक बॉन्ड योजना को लागू हुए छह बरस बीत चुके थे। यह बात अलग है कि इसी बीच 15 फरवरी को आला अदालत ने इस योजना को असांविधानिक बताते हुए खारिज कर दिया था, लेकिन तब तक गंगा और यमुना में बहुत पानी बह चुका था।

पिछली 14 मार्च को जो आंकडे़ आए हैं, उनके पीछे की समूची कहानी अभी उजागर नहीं हुई है। इसकी बड़ी वजह यह है कि स्टेट बैंक ने चुनाव आयोग को दिए गए विवरण को दो भागों में विभक्त कर दिया। पहले में बॉन्ड खरीदने वाले का नाम है, दूसरे में लाभान्वित होने वाली पार्टी का। इन दोनों आंकड़ों के बीच के सूत्र नदारद हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा है कि आपने खरीदे और वितरित किए गए बॉन्ड के क्रमांक क्यों नहीं जारी किए? यहां यह भी गौरतलब है कि अदालत ने यह जवाब–तलब चुनाव आयोग की पहल पर किया है। आयोग ने इस फैसले से जुडे़ मुद्दों पर स्पष्टीकरण मांगने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया क्या दलील देता है और उस पर न्यायालय का क्या रुख होता है?

क्या आने वाले दिनों में कुछ नए रहस्य उजागर होने वाले हैं?

हो सकता है, ऐसा हो, पर अभी तक जो कहानी सामने आई है, वह भी रोमांच भरा कथानक रचने का पर्याप्त माद्दा रखती है। जो लोग यह उम्मीद किए बैठे थे कि उन्हें उन प्रतिष्ठित औद्योगिक घरानों के नाम दिखाई पड़ेंगे, जिन पर यह आरोप लगाए जाते रहे हैं कि वे सरकार द्वारा जान–बूझकर लाभान्वित किए जाते हैं, उन्हें निराश होना पड़ा। जिन दो शीर्ष उद्योग हस्तियों का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में आता है, वे भी इस सूची में सिरे से लापता हैं। ऐसे में, सवाल उठना लाजिमी है कि 12 अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 के बीच जिन 1,250 से अधिक कंपनियों ने 12,155.51 हजार करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे, वे क्या करती हैं? उनके व्यावसायिक हित क्या हैं?

इस सूची में पहला नंबर फ्यूचर गेमिंग ऐंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का है। इसने 1,368 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे। इसी तरह, मेघा इंजीनियरिंग ऐंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने 966 करोड़ और क्विक सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड ने 410 करोड़ रुपये इन बॉन्ड्स में लगाए थे। ये तीनों कंपनियां आयोग द्वारा जारी विवरणी में क्रमशरू पहले से तीसरे नंबर पर हैं। ये कंपनियां अब तक आम आदमी के विमर्श में शायद ही कभी आई हों। सर्वाधिक निवेश करने वाली फ्यूचर गेमिंग ऐंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड लॉटरी चलाती है और इसका मुख्यालय तमिलनाडु के कोयंबटूर में है। इस कंपनी के संस्थापक सैंटियागो मार्टिन हैं, जो लॉटरी किंग और मार्टिन लॉटरी के नामों से जाने जाते हैं।

मार्टिन की कहानी हैरतअंगेज है। वह शुरुआती दिनों में म्यांमार में छोटा–मोटा काम किया करते थे। बाद में स्वदेश लौटकर 1988 में लॉटरी के व्यवसाय की शुरुआत की और उसके बाद तरक्की की सीढ़ियां उनके लिए छोटी पड़ गईं। श्रीमान मार्टिन कई बार विवादों के घेरे में आए हैं। क्या वह लोकतंत्र के इतने समर्थक हैं कि उन्होंने आम आदमी की जेब से लॉटरी के लिए निकले धन से 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के बॉन्ड खरीदकर राजनीतिक पार्टियों को दे दिए?

कहा जा रहा है कि सबसे बडे़ पांच बॉन्ड खरीदारों में से तीन ने ईडी अथवा आयकर की कार्रवाई के बाद बॉन्ड खरीदे। यहां यह भी गौरतलब है कि शुरुआती 20 दानदाताओं ने 5,830 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे, जो कि कुल बिक्री का 48 फीसदी है। ये बॉन्ड किन दलों को दिए गए? इस विवरण से एक और तथ्य उजागर होता है कि कुछ उद्योगपतियों ने अपने नाम से भी बॉन्ड खरीदे। इनमें से एक नाम किन्हीं मोनिका का भी है। कौन हैं यह? क्या बॉन्ड की खरीद और वितरण में नामवरों ने दूसरी कंपनियों और शख्सियतों का सहारा लिया?


अब तक हासिल आंकड़ों के अनुसार, कुल दान का 47.5 प्रतिशत भाजपा, 12.6 फीसदी तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस को 11.1 प्रतिशत हिस्सा हासिल हुआ है। तेलंगाना की के चंद्रशेखर राव की अगुवाई वाली भारत राष्ट्र समिति 1,215 करोड़ रुपये हासिल कर चौथा और बीजू जनता दल 776 करोड़ रुपये स्वीकार करके अपने लिए पांचवां स्थान सुरक्षित करने में सफल रहा।

अगर आप किसी से भी पूछें कि भारतीय जनता पार्टी के बाद दूसरे नंबर का राजनीतिक दल कौन सा है, तो अधिकतर लोग यही जवाब देंगे–कांग्रेस। आश्चर्य देखिए कि कांग्रेस तीसरे नंबर पर है, जबकि सिर्फ पश्चिम बंगाल में हुकूमत कर रही ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर है। सवाल यह भी उठता है कि तेलंगाना और ओडिशा जैसे अपेक्षाकृत छोटे राज्यों में शासन कर रहे दलों को चौथा और पांचवां स्थान कैसे हासिल हुआ? अभी तक आई जानकारी के आधार पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि सर्वाधिक निवेश उन व्यावसायिक घरानों ने किया, जिन्हें सरकारी मदद की सबसे ज्यादा दरकार थी। क्या यह निजी हित साधने के लिए खर्चा गया धन है? तय है कि इस सूची को जितने गौर से, जितनी बार देखिए, उतनी बार आपके दिमाग में नए सवाल उभरेंगे। इन प्रश्नों के उत्तर कैसे मिलेंगे? क्या अदालत अपनी निगरानी में कोई समिति बनाना चाहेगी? संसार के सबसे बडे़ लोकतंत्र में हर संवेदनशील मुद्दे के लिए अदालतों का मुंह जोहना भी तो स्वस्थ परंपरा नहीं। यह देखना दिलचस्प होगा कि विपक्ष इसे चुनावी मुद्दा बना पाएगा या नहीं, क्योंकि चंदे की बंदरबांट में सब शामिल थे और ऐसे में सिर्फ अपनी कमीज उजली बताने का साहस संजोना मुश्किलें खड़ी कर सकता है। अफसोस! सियासत के हम्माम में सभी एक से हैं।

# चुनावी बाण्ड और चंदे के धंधे पर उठते सवाल



—तनवीर जाफरी—




लोकसभा चुनावों से ठीक पहले सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर आखिरकार भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड खरीद का विस्तृत डेटा अदालत को पेश कर ही दिया। साथ ही यह भी सार्वजनिक कर दिया कि इन इलेक्टोरल बांड के माध्यम से किस राजनैतिक दल को कितने पैसे प्राप्त हुये। जैसा कि पहले भी होता आया है कि सत्तारूढ़ दल को ही प्रायः सर्वाधिक चंदा मिला करता है । इस बार भी सत्तारूढ़ दल यानी भारतीय जनता पार्टी को ही सबसे अधिक चुनावी चंदा हासिल हुआ। परन्तु बात केवल सर्वाधिक चंदा प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इस लेनदेन के और भी कई ऐसे संदिग्ध पहलू हैं जिनके आधार पर विपक्ष भारतीय जनता पार्टी पर यह कहकर हमलावर है कि भाजपा द्वारा चुनावी बॉन्ड खरीद के नाम पर न केवल श्चंदे का धंधा श यानी चंदा देदो –धंधा ले लो का अनैतिक खेल खेला गया है बल्कि कई ऐसी कंपनियों से भी चंदे ऐंठे गए हैं जिनपर पहले तो ई डी,आई टी या सी बी आई द्वारा छापेमारी की गयी उसके फौरन बाद ही इन्हीं कंपनियों ने इलेक्टोरल बांड खरीद लिये। और इलेक्टोरल बांड की खरीद होते ही इन पर की गयी ई डी,आई टी या सी बी आई की कार्रवाही ठन्डे बास्ते में चली गयी। विपक्ष का यह भी आरोप है कि इलेक्टोरल बांड खरीदने वाली कई कम्पनियाँ भी फर्जी हैं। जबकि कई ऐसी कंपनियों ने भी चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं जिनकी कमाई तो बहुत ही कम है परन्तु उन्होंने अपनी कमाई से कई गुना अधिक के बांड खरीदे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो, हफ्ता वसूली,ठेका लो, रिश्वत दो, मनी लॉन्ड्रिंग के लिए फर्जी कंपनियां जैसी भ्रष्ट नीतियां अपना रही है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराये गये डेटा के अनुसार जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे हैं उनमें फ्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज ,मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रा स्ट्रक्चर लिमिटेड,वेदांता लिमिटेड,लक्ष्मी मित्तल, भारती एयरटेल, डीएलएफ कामर्शियल डेवलपर्स,ग्रासिम इंडस्ट्रीज, पीरामल एंटरप्राइजेज , टोरेंट पावर, अपोलो टायर्स, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा जैसी अनेक कंपनियां शामिल हैं। सबसे ज़्यादा कीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड फ्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा खरीदे गये हैं। फ्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज ने 1,368 करोड़ रुपये के बांड खरीदे हैं जबकि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा 966 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे गये।

न खाऊंगा न खाने दूंगा का दंभ भरने वाली वर्तमान भाजपा सरकार 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से इस चुनावी बांड योजना को लाई थी जिसे 2018 में लागू कर दिया गया था। हालांकि बीजेपी सहित कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, डीएमके, जेडीएस, एनसीपी, तृणमूल कांग्रेस, जेडीयू, आरजेडी, आप और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से राशि प्राप्त की है। परन्तु अप्रैल 2019 और जनवरी 2024 के बीच चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को 6,060.51 करोड़ रुपये का सबसे अधिक चंदा हासिल हुआ है। सबसे अधिक ध् ानराशि का बांड खरीदने वाली तमिलनाडु की कंपनी फ्यूचर गेमिंग को 2019 में जितना लाभ हुआ था,इस कंपनी ने उसका छह गुना अधिक इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार 2022–23 में इस कंपनी को टैक्स देने के पहले 82 करोड़ का मुनाफा हुआ था और इसने 328 करोड़ का चंदा दिया था। इसी कंपनी ने चार साल में 1368 करोड़ के बॉन्ड खरीदे हैं। इसी तरह मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड एमईसीएल ने भी 966 करोड़ के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे हैं। विपक्षी दल कांग्रेस का आरोप है कि श्मेघा इंजीनियरिंग ने कलेश्वर लिफ्ट इरिगेशन योजना के अंतर्गत मेड गुडा बराज का निर्माण किया जिसके कई खंभों में दरारें पड़ गई हैं क्योंकि इसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। और इस कम्पनी ने तेलंगाना की जनता का 1,00,000 करोड़ रुपया चोरी किया गया हैश। इलेक्टोरल बांड खरीद के माध्यम से हुये भ्रष्टाचार के बाद सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्टेट बैंक के प्रति बरती गयी सख्ती का नतीजा यह हुआ था कि 11 मार्च को ही स्टेट बैंक से निवेशकों का भरोसा टूटने लगा था तभी स्टेट बैंक के शेयर्स में दो प्रतिशत की गिरावट भी दर्ज की गयी थी।

सवाल यह है कि चुनावी चंदे के धंधे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद स्टेट बैंक इंडिया के घुटनों पर आने,विपक्ष द्वारा इस विषय पर हमलावर होने और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी से कराने और इसे दुनिया का सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला बताने के बावजूद इसी मुद्दे पर आखिर भारतीय मीडिया को क्यों सांप सूंघ गया है ? देश का सबसे बड़ा घोटाला और उसपर मीडिया की खामोशी, क्या इस बात का संकेत नहीं कि जो भारतीय मीडिया जहाँ सत्ता का गुणगान करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ता वही उसकी कमियों,अनियमितताओं,अनैतिक आचरण तथा आर्थिक घोटाले पर भी पर्दा डालने में खुलकर सत्ता का साथ दे रहा है ? कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय मीडिया इस समय ह्रास,पतन और बेशर्मी के उत्कर्ष के दौर से गुजर रहा है। क्या लोकतंत्र का स्वयंभू चौथा स्तंभ धराशायी हो चुका है ? सत्ता के लिए दर्पण रुपी भूमिका अदा करने वाली पत्रकारिता आज श्सत्ता के गुलामश की भूमिका निभा रही है। यही वजह है कि सत्ता को आइना दिखने वाले अनेक कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार अपनी नौकरी गंवा चुके हैं और अपने विभिन्न निजी सोशल प्लेटफॉर्म पर अपना कर्तव्य पूरी जिम्मेदारी से निभा रहे हैं। इलेक्टोरल बांड सम्बन्धी विस्तृत जानकारियां भी देश को मुख्य धारा के मीडिया से नहीं बल्कि सोशल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय अनेक कर्तव्यनिष्ठ पत्रकारों की ही देन है। यह पत्रकारिता के इसी 'अंधकार मय युग ' की ही देन है कि अनेक टी वी एंकर पार्टी प्रवक्ता की भूमिका अदा करते नजर आ रहे हैं। आउट डोर रिपोर्टिंग में श्पत्थरकारों श द्वारा नागिन डांस किया जा रहा है। विपक्ष की खबरों को न केवल ब्लैक आउट कर दिया गया है बल्कि सवाल भी विपक्ष से ही पूछे जा रहे हैं। एक पत्रकार की आवाज को दबाने के लिये पूरा का पूरा मीडिया हाउस खरीदा जा रहा है। न जाने कितने बाजमीर पत्रकारों ने गुलाम मीडिया हॉउस के साथ काम कर अपना जमीर बेचने से इंकार कर दिया है। पार्टी विशेष के कई लोग व उनके शुभचिंतक उद्योगपति अपने अपने मीडिया हॉउस चलाकर सत्ता का गुणगान कर रहे हैं। करण थापर और विजय त्रिवेदी जैसे पत्रकारों ने एक दशक पूर्व श्साहब श को ऐसा दर्पण दिखाया कि साहब ने दर्पण देखना ही बंद कर दिया है । गोया सत्ता केवल अपने श्मन की बातश कर इकतरफा संवाद पर भरोसा कर रही है। और मुख्य धारा का मीडिया सत्ता के कवच की भूमिका निभा रहा है। यही वजह है कि मणिपुर की घटना की ही तरह चुनावी बांड घोटाले पर भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हुये पटाक्षेप पर श्गुलाम मीडियाश में पूरी तरह सन्नाटा पसरा हुआ है।

# युद्ध की ज्वाला में सुलगते देश और मानवता



—संजीव ठाकुर—



अमेरिका, रूस और चीन के आपसी हितों के टकराव ने ही रूस यूक्रेन और इजरायल पीलिस्तीनी युद्ध की ज्वाला भड़काइ है, पिछले 1 साल से ज्यादा समय से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध में अब तक कुछ भी निर्णायक बातचीत अथवा हल नहीं निकाला जा सका है। दूसरी तरफ इजराइल फिलिस्तीन युद्ध भी मानवता के लिए एक बड़ा कहर बनकर पूरे विश्व के सामने के खड़ा हुआ है। अमेरिका रूस और चीन की आपसी टकराहट न जाने किस मोड़ पर इन दोनों युद्धों को परमाणु युद्ध में बदलने के अंजाम की ओर ले जा ले। रूस ने यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियार उठाने की योजना बनाई थी किंतु भारत के प्रधानमंत्री की मध्यस्थता के कारण यह अनहोनी टल गई। यही स्थिति कमोबेश इजराइल फिलिस्तीन युद्ध में भी बनी हुई है कुल मिलाकर इन चारों देशों के निर्दोष नागरिक इनका शिकार हो रहे हैं। लाखों लोग बेघर हो गए हैं हजारों लोगों की मौत हो गई है।

अमेरिका ने चीन और ताइवान के संबंधों को लेकर ताइवान का खुलकर साथ देने की बात कही जिससे चीन ने आक्रामक होकर इसे अपने अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप कहां है और कहा है कि यदि हमारे अंदरूनी मामले में कोई हस्तक्षेप करेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरी तरफ यूक्रेन को लेकर रूस अब बहुत संवेदनशील और आक्रामक हो गया हैस यूक्रेन से रूस ने अब निर्णायक पारी खेलने का मन बना लिया हैस इस तरह अमेरिका यूक्रेन तथा ताइवान को साथ देने के चक्कर में रूस और चीन से सीधा–सीधा टकराने के मूड में आ गया है। यह अलग मुद्दा है की सांडो की लड़ाई में खेतों की मेढ़ बरबाद जरूर होती हैं। इन तीनों महा बलियों की लड़ाई में अन्य पड़ोसी देशों की शांती भंग हो सकती है। दूसरी तरफ अमेरिकी प्रशासन पूरी तरह से यूक्रेन का साथ देने की कटिबद्ध है, एवं पूर्वी यूरोप में अमेरिकी राष्ट्रपति एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुस पर दबाव डालने के लिए सैन्य बल भेजने की बात कही हैस अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस वार्ता के हवाले अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस ने सीमा के आसपास बड़ी संख्या में सैन्य जमवाड़ा कर चुका है, एवं रूसी बलों को तैनात किया हैस जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास अन्य सैन्य बल तथा बातचीत के जरिए का विकल्प भी मौजूद हैस वर्तमान की परिस्थितियों में यूक्रेन की सीमा पर लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा कि रूस फरवरी या मार्च के प्रथम सप्ताह तक बड़ा हमला कर सकता हैस व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता एमिली होर्न ने बताया की अमेरिकी राष्ट्रपति ने आशंका जताई है कि रूस फरवरी में यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण कर सकता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लाएड ऑस्टिन ने कहा कि हमारा मानना है कि यूक्रेन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यह अंतिम फैसला नहीं है, जबकि उनके पास कई विकल्प खुले हुए हैं। यूक्रेन पर हमला करने की निसंदेह रूस के पास संपूर्ण क्षमताएं हैं। अमरीकी प्रशासन राष्ट्रपति रक्षा मंत्री ने पुतिन से यूक्रेन पर तनाव कम करने की अपील भी की है। रूस ने कहा है कि वार्ता के द्वारा भी खुले हुए यदि यूक्रेन अपनी हठध र्मिता से पीछे हटता है तो रूस वार्ता के माध्यम से एक मध्य मार्ग के बारे में विचार कर सकता है। पर यूक्रेन अपनी तीनों शर्तों पर अड़ा हुआ वह क्रीमिया महाद्वीप को वापस लेना चाहता है और नाटो की सदस्यता भी चाहता है, रूस द्वारा पाइप लाइन बिछाकर उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर करना चाहता हैं जिसे वह कभी बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं रहेगा। स्पष्ट है कि इस मामले में अमेरिका,ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देश यूक्रेन के साथ साथ कंधे से कंध ा मिलाकर सैन्य बल की मदद करने को तैयार है। रूस के पास अब सैन्य बलों द्वारा यूक्रेन पर चढ़ाई करने के अलावा कोई मार्ग शेष नहीं रह जाता है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति की यह आशंका कि रूस यूक्रेन पर फरवरी एवं मार्च के प्रथम सप्ताह में बड़ा हमला कर सकता है निर्मूल नहीं है। अमेरिका ने निर्णय लिया है कि वह पूर्वी यूरोप के सीमा पर एक बड़ा सैन्य बल रूस को टक्कर देने के लिए भेजेगा ।संभवत यह रूस पर दबाव डालने के लिए एक कूटनीतिक घोषणा एवं चाल हो सकती है। कुल मिलाकर यूक्रेन की सीमा पर जिस तरह से सैनिकों का जमवाड़ा इकट्ठा हो गया है, उससे जंग की आशंकाएं बढ़ गई हैं। अमेरिका के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के आर्मी जनरल मार्क मिले ने यूक्रेन के निकट तैनात रूसी सेना गंभीर तस्वीर पेश की है। उन्होंने कहा है कि यूक्रेन की सीमा पर उसने जमीन, वायु, जल क्षेत्र में बलों की तैनाती कर दी है, साथ ही रूस के पास साइबर तथा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध की क्षमताएं भी हैं। इसके अलावा उसके पास विशेष अभियान दल भी हैं। मिले के अनुसार यह अत्यंत चिंताजनक एवं विचारणीय प्रश्न है कि इसके पूर्व रूस की इतनी लंबी चौड़ी सेना की तैनाती कभी भी यूक्रेन की सीमा पर नहीं देखी गई है। इसका मतलब सीधा और साफ है कि रूस युद्ध के प्रति एकदम गंभीर है एवं यूक्रेन को सबक सिखाना चाहता है। पर इसे वैज्ञानिक विश्लेषक अधिनायकवाद इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देने वाला बताते हैं, जिससे विश्व युद्ध की आशंका को बढ़ावा मिल सकता है, और विश्व युद्ध होता है तो बहुत बड़ा विनाशकारी युद्ध होने की पूरी संभावना है। मिले ने पुतिन से संघर्ष के बदले कूटनीतिक मार्ग अपनाने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि रूस ने यूक्रेन की सीमा के पास एक लाख से ज्यादा सैनिक तथा जमीन से जमीन मारक क्षमता वाले टैंक तथा लड़ाकू हवाई जहाज तैनात करके रखे हैं। ऐसे में यूक्रेन जैसे छोटे देश के पास अमेरिका ब्रिटेन एवं अन्य यूरोपीय देश और नाटो देश के सदस्यों से सैन्य दल लेने के अलावा कोई और रास्ता शेष नहीं बचा है। यह तो तय है कि अमेरिका यूक्रेन की मदद करने के लिए कटिबद्ध है पर बदली हुई परिस्थितियों में यूक्रेन का साथ देने के लिए कहीं अमेरिका अलग–अलग ना पड़ जाए, इसके अलावा उसने चीन को इस मामले में दखल नहीं देने चेतावनी भी दी है। फिलहाल चीन ताइवान मामले में अमेरिका के सीधा सामने है। क्योंकि अमेरिका ताइवान को भी मदद करने का वादा कर चुका है, ऐसे में अमेरिका को कई तरफ अपनी सेनाएं भेजने का काम करना होगा। कुल मिलाकर यूक्रेन, रूस,चीन, ताइवान को लेकर वैश्विक स्तर पर अशांति का माहौल बना हुआ है। कूटनीतिक बातचीत कर इसका हल निकाल कर वैश्विक शांति का संदेश देना चाहिए।

# सियासी उठा पटक




-कुलदीप चन्द अग्निहोत्री-

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में मुख्यमंत्री बदल दिया है और हिमाचल में कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खु को फिलहाल 'स्टेटस को' दिया हुआ है । लेकिन सबसे ज्यादा आश्चर्य मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने को लेकर व्यक्त किया जा रहा है । चार दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मनोहर लाल की जमकर तारीफ की और दूसरे ही दिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया । इस्तीफे के तुरन्त बाद विधायक दल की बैठक हुई और उसमें मनोहर लाल ने नायब सिंह सैनी , जो फिलहाल हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र से सांसद हैं , का नाम भाजपा विधायक दल के नए नेता के तौर पर पेश किया , जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया ।और उसके साथ ही राज्यपाल ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला दी ।अगले दिन उन्होंने विध ाान सभा में 48 विधायकों के समर्थन से अपना बहुमत भी सिद्ध कर दिया । यह सारा घटनाक्रम इतनी तेजी से घटित हुआ कि मीडिया इसकी भनक तक नहीं पा सका । लेकिन इस आप्रेशन में , जननायक पार्टी , जो ओम प्रकाश चौटाला के परिवार में राजनैतिक कुश्ती के चलते अस्तित्व में आई थी, हलाल हो गई । जननायक पार्टी के दुष्यन्त चौटाला मनोहर लाल की सरकार में अपने दस विधायकों के बल पर उप मुख्यमंत्री के पद पर विराजमान थे । नब्बे सदस्यीय विधान सभा में भाजपा के 41 विधायक हैं । नायब सिंह सैनी की सरकार को सात निर्दलीय विधायकों ने समर्थन दे दिया तो जननायक दुष्यन्त की जरुरत नहीं रही । सब जानते हैं कि राजनीति में बिना जरुरत कोई किसी को नहीं ढोता । कहा जा रहा है कि दुष्यन्त हरियाणा में लोकसभा की दस सीटों में से दो सीटों की माँग कर रहे थे लेकिन भाजपा एक सीट देने को तैयार थी । पिछले पाँच साल में जननायक पार्टी ने अपना जनाधार ,दुष्यन्त चौटाला की कार्य प्रणाली के चलते अपना जनाध ार खोया है और ओम प्रकाश चौटाला की पार्टी इनेलो यानि इंडियन नैशनल लोक दल ,अपनी तमाम कलाबाजियों के वाबजूद हरियाणा में पुनरू जडें नहीं जमा सकी । भारतीय जनता पार्टी ने चौटाला परिवार के इस राजनैतिक पतन को देख लिया था लेकिन चौटाला परिवार शायद जानकर भी अनजान बना हुआ था । इतना ही नहीं दुष्यन्त चौटाला तो अपनी शर्तों पर अडा हुआ था । जहाँ तक कि दुष्यन्त अपने ही घर में टूट रही दीवारों की आवाज नहीं सुन सका । उसके दस विधायकों में से पाँच उसका साथ छोड़ गए । कुल मिला कर चार विधायक उसके पास बचे ।

भाजपा पिछले कुछ समय से सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से देश में सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक प्रयोग कर रही है । उसी प्रयोग के चलते नायब सिंह सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री बने । वे ओबीसी श्रेणी से आते हैं । जिससे पूरे राज्य में एक गहरा संदेश गया है । सोनिया कांग्रेस के राहुल गान्ध ी जब पूरे देश में घूम घूम कर यह घोषणा कर रहे हैं कि यदि वे प्रध ानमंत्री बन गए तो वे भारतीय सामाजिक संरचना को राजनीति की बिसात पर 'जाति जनगणना' के नाम पर तार तार करके रख देंगे , तब भारतीय जनता पार्टी ने बिना शेर शराबा किए नायब सिंह को मुख्य मंत्री बना कर व्यवहारिक धरातल पर हरियाणा में एक नया प्रयोग किया है । इससे हुडा परिवार व चौटाला परिवार दोनों सकते में हैं । न निगलते बनता है न उगलते बनता है । ऐसे समय जब सोनिया गान्धी ,भूपेन्द्र सिंह हुडा ,ओम प्रकाश चौटाला, लालू यादव, अखिलेश यादव , एम के स्टालिन, अपने परिवार से बाहर न देखने को तैयार हैं और न ही निकलने को तैयार हैं।

# डीएम ने क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

**संवाददाता—श्रावस्ती।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। अधिकारी सभी मतदान केन्द्रों पर व्यवस्था मुकम्मल कराने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था बनाने में लगे हैं। डीएम ने क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने रविवार को क्रिटिकल बूथ प्राथमिक विद्यालय चिचड़ी और लालपुर खदरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथों की क्रिटिकल प्रतिशतता की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्रों व मतदेय स्थलों पर सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बूथ पर मतदाता सूची का भी अवलोकन किया तथा बीएलओ को निर्देशित किया कि ऐसे मतदाता जो मृतक हो चुके हैं या जिले से बाहर पलायन कर चुके हैं उनका नाम सूची में संशोधित किया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि किसी भी मतदान केन्द्र, मतदेय स्थल पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम, मतदेय स्थल की संख्या व नाम, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का पदनाम, सम्बन्धित उपजिलाधिकारी का नाम, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का पदनाम, खण्ड विकास अधिकारी का नाम, सुपर वाइजर का नाम व पद, बीएलओ का नाम व पद, मतदाता पंजीकरण केन्द्र का नाम व सम्बन्धित क्षेत्र के थानाध्यक्ष का नाम व नम्बर अंकित नही है तो तत्काल अंकित कराया जाय। डीएम ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वह अपने—अपने क्षेत्रों के मतदान केन्द्र का खुद निरीक्षण करके देख लें कि पोलिंग पार्टी के आवागमन का रास्ता, फर्नीचर, विद्युत कनेक्शन, शौंचालय तथा दिव्यांग मतदाता के लिए रैम्प के साथ ही साथ पेयजल, बाउंड्रीवाल की व्यवस्था है या नहीं। जिसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। व्यवस्था में कमी हैं तो उसे ठीक कराएं। इस मौके पर तहसीलदार इकौना विपुल सिंह आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अर्द्धसैनिक बलों ने किया रूट मार्च, ताकि त्योहार में बनी रहे शांति

**संवाददाता—बलरामपुर।** होली, ईदुल फित्र व लोकसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश देने के उद्देश्य से अर्ध सैनिक बल के जवानों ने क्षेत्र में रूट मार्च किया। नगर के व्यस्ततम स्थानों, चौराहों व संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा, बस स्टैंड, पचपेड़वा तिराहा व बड़ी मस्जिद गोंडा मोड़ पर रूट मार्च कराया गया।

प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि पर्वों की खुशियों में खलल पैदा करने की मंशा रखने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोगों को शांति बनाए रखने का संदेश देने के साथ आमजन को सुरक्षा का विश्वास दिलाने के लिए पुलिस बल पूरी तरह सक्रिय है।

चुनाव आचार संहिता लागू हो हो गई है। जिसके मद्देनजर लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। सोशल मीडिया पर भावनाओं को भड़काने व सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने वाले पोस्ट को न तो लाइक करें न ही उन्हें किसी ग्रुप या व्यक्ति को फारवर्ड करें। ऐसा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिले के पांच विधानसभा को 112सेक्टर व 12 जोन में बाट सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट रहेगे तैनात



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

महराजगंज। जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार मे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रमध गाइडलाइन के संदर्भ प्रेस वार्ता की गई। प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी द्वारा मीडिया को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने आयोग द्वारा सातवें और अंतिम चरण के चुनाव कार्यकर्म मे भी विस्तार से बताया, जिसमे कि जनपद में भी मतदान होना है। जिलाधिकारी ने मीडिया से चुनाव संबंधी तैयारियों के बारे जानकारी साझा करते हुए बताया कि जनपद में मतदाताओं की कुल संख्या 1995936 है, जिसमे 1051572 पुरुष, 944280 महिला और 84 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जनपद में सर्विस वोटर की संख्या 2995 है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1134 और मतदेय स्थलों की संख्या 2084 है। जनपद के पांचों विधानसभाओं को कुल 112 सेक्टर और 12 जोन में बांटते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गई है। साथ ही प्रत्येक सेक्टर और जोन के लिए पुलिस अधिकारी भी नियुक्त किए जा चुके हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है और उनके द्वारा संबंधित सेक्टर के बूथों का भ्रमण भी किया जा चुका है। सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा द्वितीय भ्रमण 18 मार्च 2024 को प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कुल 09 मतदान केंद्र और 13 बूथों को वल्नेरेबल बूथ के रूप में चिन्हित किया गया है, जिनपर जिला प्रशासन द्वारा सुधारात्मक कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार क्रिटिकल मतदान केंद्र के रूप में 226 केंद्रों और क्रिटिकल मतदान स्थल के रूप में 328 मतदान स्थलों को चिन्हित किया गया है। इनपर निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने हेतु वेब कास्टिंग की व्यवस्था और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी बूथों पर आवश्यक सुविधाओं को भी जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा सुरक्षा बलों की उपलब्धता, मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण, परिवहन, पोलिंग पार्टियों की रवानगी और वापसी आदि की व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता व निष्पक्ष मतदान हेतु मीडिया से सहयोग का अनुरोध करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया है की निर्वाचन अवधि में चुनाव प्रक्रिया, ईवीएम या चुनाव से संबंधित किसी घटना के विषय में भ्रामक खबर फैलाने और झूठी सूचना देने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जनपद में मतदान सातवें चरण में 01 जून 2024 को होना है। इस संदर्भ में निर्वाचन की अधिसूचना 07 मई को घोषित होगी। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 14 मई 2024, नाम निर्देशन की जांच की 15 मई 2024 और नाम वापसी की अंतिम तिथि 17 मई 2024 है। मतगणना 04 जून 2024 को किया जाएगा। प्रेस वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, एसडीएम पंकज कुमार, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय सहित पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# 112 लीटर कच्ची शराब बरामद, छह गिरफ्तार

**संवाददाता—श्रावस्ती।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रह अभियान में पुलिस ने 112 लीटर कच्ची शराब बरामद कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। कोतवाली भिनगा पुलिस ने ननका पुत्र माखनलाल निषाद निवासी मछरिहवा को 18 लीटर व रमेश पुत्र काली प्रसाद निवासी अमरहवा को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। मल्हीपुर पुलिस ने जमुना प्रसाद पुत्र मूसे, अर्जुन पुत्र काशीराम व ओमप्रकाश पुत्र ननके निवासीगण गंगापुर थाना नवाबगंज जनपद बहराइच को 18—18 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। थाना सिरसिया की पुलिस टीम ने अलखराम पुत्र दुखी निवासी लोनियनपुरवा को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम का मामला दर्ज किया गया।

# विवाहिता की हत्या कर शव लटकाया, चार पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता—गोण्डा।** नगर पंचायत के वार्ड नम्बर चौदह नौशहरा दक्षिणी में रविवार को विवाहिता की हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप मयके के भाई ने ससुरालीजनों पर लगाया है। घटनास्थल पर एएसपी राधेश्याम राय, सीओ और फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि मृतका के भाई के तहरीर पर थाने में पति सहित चार ससुरालवालों के विरुद्ध प्रताड़ना व उसकी हत्या कर शव लटकाए जाने का केस दर्ज हुआ है।

थाना उमरी बेगमगंज के ग्राम भयापुरवा सरैयां नान्हू निवासी अरविंद कुमार शुक्ला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसने अपनी बहन कुमारी दुर्गेश शुक्ला की शादी वर्ष 2012 में परसपुर निवासी रमेन्दर उर्फ बबलू पाण्डेय पुत्र धनलाल पाण्डेय के साथ की थी। इसके बाद पति, ससुर, सास व ननद उसे मानसिक व शरीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

आरोप है कि ससुरालीजनों ने कृषि भूमि बेच दिया जिसका उसकी बहन विरोध करती थी। इसके बाद ससुरालवालों ने उसकी हत्या कर शव लटका दिया। पुलिस ने पति रमेन्दर पाण्डेय, ससुर धनलाल पाण्डेय, सास नाम अज्ञात व ननद सरिता के खिलाफ प्रताड़ना व हत्या का केस दर्ज किया है।

# बॉर्डर पर चार चाइनीज रेडियो रिमोट बरामद, तस्कर फरार

**संवाददाता—महराजगंज।** रविवार को सुरक्षा एजेंसियों ने मुखबिर की सूचना पर बॉर्डर से चार चाइनीज रेडियो रिमोट बरामद किया। जबकि मौके से आरोपी भाग गए। टीम बरामद रिमोट को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। सुरक्षा एजेंसियों की टीम से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें मुखबिर से सूचना मिली की एक युवक बाइक से चाइनीज रेडियो रिमोट को नेपाल से लेकर भारत आ रहा है। उक्त सूचना के आधार पर सुरक्षा टीम बॉर्डर के पिलर संख्या 505 / 10 के पास मुख्य मार्ग का घेराबंदी कर लिया। कुछ देर बाद बाइक सवार एक युवक आते दिखा। जिसे रोका गया तो वह बाइक पर लदी सामान छोड़ नेपाल की ओर भाग निकला। वहीं सामान की जांच की गई, तो चार चाइनीज रेडियो रिमोट बरामद हुई। मामले में टीम बरामद सामान को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में कड़ी निगरानी के कारण बरामदगी हो रही है। भारत—नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने नेपाल भेजी जा रही गन्ना लदी एक ट्रैक्टर—ट्रॉली बरामद कर ली है। सुरक्षा एजेंसियों की टीम से मिली जानकारी के मुताबिक, दो लोग गन्ने को ट्रॉली—ट्रैक्टर की मदद से भारत से नेपाल भेज रहे थे। जिन्हे भारत—नेपाल बॉर्डर के पिलर संख्या 498ध्3 से सटे औरहवा गांव के पास से पकड़ लिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भारत नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने मुखबिर की सूचना पर जिंक फ्लैंग (जस्ता) लदी एक ट्रैक्टर—ट्रॉली बरामद की। जबकि मौके से आरोपी तस्कर वाहन छोड़ भागने में सफल रहे। टीम बरामद सामान को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। सुरक्षा एजेंसियों की टीम से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें मुखबिर से सूचना मिली की कुछ लोग नेपाल से जिंक फ्लैंग को ट्रॉली ट्रैक्टर की मदद से भारत ला रहे है। उक्त सूचना के बाद टीम भारत नेपाल बॉर्डर के पिलर संख्या 504ध्9 से सटे लक्ष्मीपुर गांव के पास मुख्य मार्ग का घेराबंदी कर लिया गया। जहां से टीम ने नेपाल से भारत लाई जा रही एक ट्रॉली—ट्रैक्टर लदी जिंक फ्लैंग को बरामद कर ली। जबकि मौके से आरोपी भागने में सफल रहा। वहीं बरामद जिंक फ्लैंग के नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। जांच के बाद ही मौजूद तत्वों का पता चल सकेगा। मामले में टीम बरामद सामान को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी रही।

# विरोध करने पर दबंगों ने की महिला की पिटाई

**संवाददाता—श्रावस्ती।** इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम मनकौरा कोड़री लौकिहा निवासी अनीता देवी पत्नी नंदराम पासवान ने थाने में तहरीर देकर कुछ लोगों पर पिटाई का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि गांव में ढाबली में उसकी छोटी सी दुकान चल रही है। शनिवार को दुकान पर बैठा उसका पुत्र लघुशंका करने चला गया। इस दौरान बिना पूछे नीतू देवी ढाबली में से कुछ सामान निकलने लगी। जिसका अनीता ने विरोध किया।

# बेसिक परीक्षाएं 27 मार्च को समाप्त होंगी, एक अप्रैल से शुरू होगा नया सत्र

**संवाददाता—महराजगंज।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा वार्षिक परीक्षा का समय सारणी में परीक्षा की तिथि और बढ़ा देने से बच्चों संग शिक्षकों की परेशानी बढ़ गई है। परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाएं समाप्त होते ही नया शैक्षणिक सत्र 2024—25 शुरू हो जाएगा। परीक्षा 20 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगी और एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र शुरू हो जाएगा। ऐसे में चार दिन में कापियों का मूल्यांकन कर अंकपत्र वितरण करना शिक्षकों के सामने कड़ी चुनौती नजर आ रही है। वहीं बच्चे भी परीक्षा के बाद तुरंत अगली कक्षा में प्रवेश असहज महसूस कर हैं। पहले परीक्षा 16 मार्च से 21 मार्च तक होनी थी। छह दिनों में परीक्षा समाप्त होनी थी। परीक्षा को लेकर बच्चों व शिक्षकों ने तैयारी कर ली थी। लेकिन हाल ही में एक आदेश के तहत परीक्षा 21 मार्च से 27 मार्च तक कर दी गई है। अब परीक्षा सात दिन में पूरी होगी। परीक्षा में कुल दो लाख नौ हजार बच्चे बैठेंगे। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद ये बच्चे अगली कक्षा में प्रवेश लेंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा 9:15बजे से 11:45बजे तक व दूसरी पाली की परीक्षा 12:15 बजे से 2:45 बजे तक होगी। परीक्षा का प्रश्नपत्र व अन्य सामग्री बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों को उपलब्ध करायी जाएगी।

नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ शिक्षकों ने बताया कि परिषद द्वारा बेसिक शिक्षा को मजाक बनाया जा रहा है। परिषद बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के नाम पर पढ़ाई व अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से साल भर तक करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाता है। लेकिन जब परीक्षा की बारी आती है तो इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता है। एक अप्रैल से नया सत्र शुरू हो रहा है।

# कौड़िया पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**संवाददाता—गोण्डा।** पुलिस ने रविवार को क्षेत्र के एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कौडिया अंकुर वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के अरबिन्द कुमार शुक्ला ,रवि शुक्ला, निवासीगण बौनापुर व राम दयाल निवासी लैबुडवा को उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह,अनिल कुमार यादव, अंगद सिंह व दिग्विजय सिंह ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

# बिना परमीट काटे पेड़, लकड़ी जब्त कर वाहन सीज

**संवाददाता—श्रावस्ती।** लकड़ी ठेकेदारों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए वन महकमा सख्त हो गया है। ठेकेदार की ओर से बिना परमिट चार पेड़ काटे गए थे। सूचना पर पहुंची वनटीम ने लकड़ी को जब्त कर वाहन को सीज कर लिया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दामोदरा के मजरा कुंडा निवासी किसान बिपत राम ने शीशम के चार पेड़ लकड़ी ठेकेदार के हाथों बेंचा था। पेड़ खरीदने के बाद ठेकेदार ने बिना वन विभाग से परमिट लिए पेड़ कटवा लिया। गंतव्य तक पहुंचाने के लिए ठेकेदार की ओर से लकड़ी ट्रैक्टर ट्राली में लदवाई जा रही थी। जिसकी सूचना मुखबिर ने वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही हरदत्त नगर गिरंट वनक्षेत्राधिकारी राममिलन ने वन टीम को कार्रवाई का निर्देश दिया।

# पूर्व प्रधान के निधन पर लोगों ने जताया शोक

**संवाददाता—गोण्डा।** पंडरी कृपाल ब्लॉक की ग्राम पंचायत सोनबरसा के पूर्व प्रधान जनार्दन चौधरी का रविवार की भोर बाबू मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके पौत्र व वर्तमान ग्राम प्रधान मदन मोहन चौधरी ने बताया कि कई दिनों से बीमार चल रहे थे। गांव के लोगों ने बताया कि वे आजादी के बाद से ही कई बार ग्राम प्रधान रहे। उनके निधन से क्षेत्रीय विधायक समेत कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# ठाकुर जी की इच्छा तक आश्रम में श्रद्धालुओं को दिया जाएगा प्रसाद —जयराम दास



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। 22 जनवरी को प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी ने किया और तभी से अयोध्या में देश—विदेश के कोनी—कोनी से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था समाजसेवी संगठन राजनीतिक दल एवं अयोध्या सहित देश के कई धर्म के धर्माचार्यो ने प्रसाद वितरण के लिए कैंप लगाए जो जनवरी—फरवरी तक नियमित चलते रहे लेकिन मार्च आते आते अधिकतर संगठनों ने अपना प्रसाद वितरण कैंप बंद कर दिया अब कुछ गिने चुने स्थान पर ही प्रसाद वितरण किया जा रहा है जिसमें से श्री राम जन्मभूमि परिसर से मात्र 500 मी रामकोट परिक्षेत्र में स्थित श्री राम आश्रम भी है जो प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद की व्यवस्था आज भी कर रहा है जिसमें दाल चावल रोटी सब्जी हलवा या बूंदी शामिल है। आश्रम के पीठाधीश्वर महंत जय रामदास वेदांती महाराज ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के पहले से ही आश्रम में प्रसाद व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई थी और गुरुदेव भगवान ठाकुरजी के आशीर्वाद से आज भी चल रही है और जब तक उनकी इच्छा होगी तब तक यह व्यवस्था रामकोट क्षेत्र मैं चलती रहेगी। उन्होंने बताया श्री राम आश्रम उसे क्षेत्र में है जिसे रामकोट कहते हैं रामकोट अयोध्या का वह भूभाग है जहां प्रभु श्रीराम का और वहीं से उन्होंने राज्य कार्य का संचालन किय। आज जब 500 वर्षों के संघर्ष के बाद वह अपने जन्मस्थान पर पुनः विराजमान हुए हैं तो जब तक उनकी कृपा रहेगी और श्रद्धालु आते रहेंगे आश्रम में उनके लिए प्रसाद की व्यवस्था निरंतर चलती रहेगी।

# मगईपुर के वाशिंदों को नहीं मिल सकीं मूलभूत सुविधाएं

**संवाददाता—बलरामपुर।** आजादी के 77 साल बाद भी विकास खण्ड गैंड़ास बुजुर्ग का मगईपुर गांव मूल भूत सुविधाओं से वंचित है। यहां नाली, खडंजा, विद्यालय व स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ग्रामीण दर—दर भटकने को विवश हैं। विकास खण्ड गैंड़ास बुजुर्ग के मगईपुर गांव की आबादी लगभग आठ हजार है। यहां चार हजार मतदाता हैं। आजादी के 77 साल बाद भी यहां के लोग नाली, खडंजा व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीण भारत प्रजापति, अवध राम यादव, छोटकऊ खान, रहमतुल्लाह, हैसियत व स्वारथ प्रजापति ने बताया कि सुविधाओं के अभाव में वे लोग नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। उनके गांव में नाली व खडंजा तक नहीं बना है। थोड़ी सी बरसात होने पर घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। गांव के बाहर प्राथमिक विद्यालय बना है, बारिश होने पर बच्चों का विद्यालय जाना दूभर हो जाता है। जगह—जगह पानी व कीचड़ के कारण बच्चे फिसल कर गिर जाते हैं और विद्यालय नहीं पहुंच पाते। नाली निर्माण न होने के करण बरसात का पानी कच्चे मार्गों पर बहता रहता है। जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। लोगों को कच्चे मार्ग पर हुए जलभराव व कीचड़ से होकर आवागमन करना पड़ता है। वहीं जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ जाता है, जिससे लोगों में बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि गांव में एकमात्र प्राथमिक विद्यालय है। जहां पर छात्रों को कक्षा पांच पास होने के बाद कक्षा छह में पढ़ाई करने के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता है। गांव में सामुदायिक शौचालय तो बना है, लेकिन उसमें ताला लगा होने से ग्रामीणों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# शांति से मनाएं त्यौहार, माहौल बिगाड़ने पर कार्रवाई की चेतावनी

**संवाददाता—श्रावस्ती।** आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए रविवार को मल्हीपुर थाने में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, धर्मगुरुओं समेत दोनों समुदायों के लोग शामिल हुए। इस दौरान लोगों से सभी त्योहार शांति से मनाने की अपील की गई साथ ही माहौल खराब करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकिरी जमुनहा संजय कुमार राय ने की। एसडीएम ने अपील करते हुए का कि त्योहार हमें खुशियां देते हैं। इसलिए सभी त्योहार को शांति व भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। किसी के साथ ऐसा कोई व्यवहार न करें जिससे आपत्ति हो। यदि आप खुशी व शांति से त्योहार मनाएंगे तो प्रशासन आपके साथ होगा। लेकिन यदि किसी ने भी कोई समस्या खड़ी की या फिर माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जएगी। थानाध्यक्ष जयहरि मिश्र ने ग्राम प्रधानों व बैठक में मौजूद लोगों से पूर्व वर्षों में होलिका दहन स्थल के विवाद को लकर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि कहीं कोई समस्या है या होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद है तो पहले ही अवगत करा दें। जिससे विवाद का समाधान किया जा सके। पुलिस लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर समस्या का जायजा ले रही है। जहां भी समस्या है उसको हल किया जा रहा है। त्योहार के दिन कोई विवाद की स्थित नहीं होनी चाहिए। पुलिस प्रशासन आपके साथ होगा। लेकिन यदि किसी ने भी समस्या खड़ी की या फिर अराजकता फैलाई तो उसके साथ सख्ती से निपटने को पुलिस तैयार होगी और संबंधित को जेल भेजा जाएगा। इस दौरान लोगों को मतदान के लिए भी जागरूक किया गया। लोगों से कहा गया कि बिना किसी प्रलोभन व डर के शत प्रतिशत मतदान करें। यदि कोई दबाव बनाकर अपने पक्ष में मत डलवाने की कोशिश करे तो पुलिस को सूचित करें। कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रहलाद सिंह, सीओ सतीश कुमार शर्मा, बलविंदर सिंह, आजाद अहमद, अमित श्रीवास्तव, रामसमुझ वर्मा, आलोक कुमार वर्मा, उदयराज सिंह, अहद अली आदि मौजूद रहे।

# स्वामी प्रसाद मौर्य कांग्रेस के टिकट पर लड़ सकते हैं चुनाव, कुशीनगर से प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा



**संवाददाता—कुशीनगर।** स्वामी प्रसाद मौर्य कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। कांग्रेस स्वामी प्रसाद को कुशीनगर से प्रत्याशी बना सकती है। इसको लेकर चर्चाएं तेज हैं। सपा से अलग होकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज है। सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि स्वामी प्रसाद इंडिया गठबंधन का हिस्सा बन सकते हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य की कांग्रेस से बातचीत हो रही है। चर्चा है कि वह कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं। स्वामी प्रसाद कांग्रेस के टिकट पर कुशीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। कांग्रेस स्वामी प्रसाद को कुशीनगर से प्रत्याशी बना सकती है। हालांकि इस बारे में अभी कोई बयान सामने नहीं आया है। आपको बता दें कि स्वामी प्रसाद मौर्य से बीते रविवार को लखनऊ में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को लेकर चर्चा हुई थी। मुलाकात की जानकारी खुद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने सोशल मीडिया के जारिए दी थी। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि दोनों ने औपचारिक भेंटवार्ता में इंडिया गठबंधन के विस्तार पर सकारात्मक चर्चा की। माना जा रहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के इंडिया गठबंधन में आने की स्थिति में सीटों के बंटवारें को लेकर पेंच फंस सकता है। सपा द्वारा स्वामी प्रसाद मौर्य को एक भी सीट न दिए जाने की स्थिति में कांग्रेस अपने हिस्से की एक सीट दे सकती है। इन संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है।

स्वामी बतौर विधायक पहली बार साल 1996 में विधानसभा पहुंचे। स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर जिले की पडरौना विधानसभा सीट से लगातार 3 बार विधायक चुने जा चुके हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य 2009 में कुशीनगर से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में स्वामी प्रसाद मौर्य कांग्रेस प्रत्याशी आरपीएन सिंह से हारे थे।

# निशान शोभायात्रा के साथ श्यामभक्तों का जत्था झूमते—गाते खाटू श्याम के लिए रवाना



**संवाददाता—महराजगंज।** रविवार को श्री श्याम मंदिर सिसवा से श्यामभक्तों ने हर्षोल्लास के बीच अबीर—गुलाल व गाजे—बाजे के साथ निशान शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा की समाप्ति के बाद श्यामभक्तों का जत्था खाटू श्याम के लिए रवाना हुआ। इस दौरान सिसवा नगर श्याम प्रभु के जयकारों से गूंज उठा। श्रीश्याम मंदिर में शनिवार की शाम को अखंड पूजा—पाठ, कीर्तन व भजन का आयोजन हुआ। यह आयोजन देर रात्रि तक चलता रहा। प्रातः महिला व पुरुष श्यामभक्तों ने निशान उठाकर नगर में शोभायात्रा निकाली। निशान यात्रा कस्बे के फलमंडी, प्रेमचित्र मंदिर रोड, सब्जी मंडी रोड, मेन मार्केट, इस्टेट चौक, काली मंदिर रोड, श्रीरामजानकी मंदिर रोड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः श्रीश्याम मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में महिला श्रद्धालु निशान पताका लेकर चल रही थीं। श्रद्धालु श्रीश्याम प्रभु के जयकारे के बीच थिरकते हुए चल रहे थे। यात्रा के बाद लगभग सौ श्यामभक्तों का जत्था खाटू धाम के लिए रवाना हुआ। शोभायात्रा में संतकुमार जालान, मोहन अग्रवाल, हरिराम भालोटिया, बबलू शर्मा, धीरज सिंहानिया, शिबू केडिया, हरिराम भालोटिया, बाबूलाल अग्रवाल, उमंग टिबड़ेवाल, दिनेश भालोटिया, संदीप सिंहानिया, रामू मित्तल, अरुण टिबड़ेवाल, अशोक शर्मा, प्रह्लाद अग्रवाल, प्रेमलता सिंहानिया, उमा जालान, राधा सरावगी, प्रिया सिंहानिया, ज्योति सिंहानिया, क्षमता शर्मा, हेमा टिबड़ेवाल, उषा अग्रवाल, अनिता अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# सिद्ध संत भगवान दास खंडेश्वरी महाराज को संतो ने अर्पित की श्रद्धांजलि





**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या कई धर्मों से अनुप्राणित है। विभिन्न धर्मों का संगम यहां देखने को मिलता है। यहां कई सिद्धपीठ व दर्जनों संतों की तपोभूमि भी है। इन्हीं संतों में से एक थे भगवानदास खड़ेश्वरी बाबा जिन्होंने 28 वर्षों तक निरंतर खड़े रहने की साधना कर उस पर विजय प्राप्त की जिससे इनका नाम खड़ेश्वरी बाबा पड़ा। रविवार को 21 वीं पुण्यतिथि पर संत—धर्माचार्यो ने महंत भगवान दास खंडेश्वरी को खड़ेश्वरी मंदिर में नमन किए। मंदिर के वर्तमान महंत रामप्रकाश दास ने बताया कि श्री महाराज जी तीर्थाटन करते हुए वर्ष 1970 के आसपास भगवान श्री राम की धरती अयोध्या आये तो बस यहीं रच—बस गये। जिस स्थान पर उन्होंने एक झोपड़ी डालकर धूनी रमाई थी, आज उस स्थान पर भव्य रामवैदेही मंदिर स्थापित है। 1982 में इस स्थल पर भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया। भगवान दास जी ने सन 1957 में निरंतर खड़े रहने का संकल्प लिया और 28 वर्षों तक खड़े रहकर के तपस्या की।

रघुवंश संकल्प सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी दिलीप दास त्यागी ने बताया कि श्री महाराज जी 28 वर्ष तक निरंतर खड़े रहे जो उनकी अगाध साधना एवं भक्ति का परिचायक है आज उन्हीं के आशीर्वाद से मंदिर में ठाकुर जी की सेवा संतों की सेवा उत्सव सवैया मनाया जा रहा है। आज ही के दिन मंदिर में ठाकुर जी की स्थापना हुई थी इसलिए ठाकुर जी का पाटोत्सव भी मनाया जाता है ठाकुर जी को पंचामृत से स्नान करा करके नवीन वस्त्र धारण कराया गया भोग लगाया गया उसके पूर्व अखंड श्री सीताराम नाम संकीर्तन का जाप पूर्ण होने के उपरांत खड़ेश्वरी भगवान की पुण्यतिथि और ठाकुर जी का पाटोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महंत अर्जुनदास महंत राम कुमार दास, महंत राजू दास महंत राम नरेश शरण, महंत मनीष दास, हनुमानगढ़ी के पुजारी पार्षद रमेश दास राम लखन दास, नंदकुमार मिश्रा पेड़ा महाराज सहित अयोध्या के हजारों संतों महंतों ने श्री महाराज जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 9 विधानसभाओं के 2 लोकसभा में 36 लाख से अधिक मतदाता, ये तय करेंगे प्रत्याशियों का भविष्य



**संवाददाता–गोरखपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। एक जून को गोरखपुर सदर व बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा और 36, 32, 946 मतदाता वोट डालेंगे। जनवरी में मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद अब 24538 नए मतदाता बढ़ गए हैं। इसके लिए 2064 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। डीएम कृष्णा करूणेश और एसएसपी गौरव ग्रोवर ने रविवार को पत्रकार वार्ता के दौरान ये जानकारी साझा की। बताया कि, शनिवार को चुनावों की तारीख तय होने के साथ ही आचार संहिता भी लागू हो गई है। इस बार चुनाव में 19,54,088 पुरुष मतदाता और 16,78,599 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले में सबसे ज्यादा मतदाता गोरखपुर सदर विधानसभा में 4,68,209 एवं सबसे कम मतदाता चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र में 3,55,437 मतदाता हैं। इसके अलावा जिले में 259 थर्ड जेंडर मतदाता बनाए गए हैं। सबसे ज्यादा थर्ड जेंडर पिपराइच विधानसभा क्षेत्र 44 एवं सबसे कम चिल्लूपार में छह हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्णा करुणेश के मुताबिक सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट का गठन कर लिया गया है। कलेक्ट्रेट स्थित ई–डिस्ट्रिक में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। वहीं, पहली बार 40,007 हजार मतदाता गोरखपुर में पहली बार मतदान करेंगे। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं की संख्या है 25131 है। 66,843 मतदाता 80 वर्ष से उपर के हैं। नामांकन के पांच दिन पहले तक बुजुर्ग मतदाताओं को घर से वोट करवाने के लिए आवेदन करना होगा। मतपत्र लेकर कर्मचारी घर जाएंगे, वोट डलवाएंगे।

# नजूल की जमीन पर बने स्कूल–क्लब और होटलों पर होगा प्रशासन का कब्ज

**ंवाददाता–गोरखपुर।** शहर में करीब डेढ़ सौ एकड़ नजूल की जमीन पर बने स्कूल–क्लब व होटल पर अब प्रशासन का कब्जा होगा। ये जमीनें ऐसी हैं, जिन्हें लीज पर दिया गया था और इनकी मियाद समाप्त हो चुकी है और कुछ की होने वाली हैं। नए नजूल अध्यादेश में इनके नवीनीकरण पर रोक लगा दी गई है। इन्हें प्रशासन 15 दिन में नोटिस जारी करेगा। ऐसी जमीनों की सूची तैयार करने के लिए प्रशासन की ओर से नजूल के पुराने एक्सपर्ट को लगाया गया है। जिले में करीब 400 एकड़ नजूल की जमीन है, इनमें 250 एकड़ फ्री होल्ड नहीं हो पाई है। नजूल के नए अध्यादेश के आने के बाद प्रशासन ने अब अपनी तैयारी शुरू कर दी है। करीब 100 एकड़ से ज्यादा जमीनों को फ्री होल्ड कराने में नए सर्किल रेट से शुल्क जमा न कर न्यायालय में चुनौती देने वालों को भी जोर का झटका लगेगा।

प्रशासन अब न्यायालय में लंबित सभी मामलों को खारिज कराने की पहल करेगा। इसकी अलग से सूची तैयार की जा रही है। गोरखपुर क्लब, नेपाल क्लब, गोलघर काली मंदिर से धर्मशाला तक आठ से दस आवास पर दुकान, रेलवे स्टेशन पर 25 से ज्यादा होटल व रेस्टोरेंट के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। ये सभी जमीनें लीज पर हैं और इनका फ्री होल्ड नहीं हो पाया। डीएम कृष्णा करुणेश ने बताया कि नजूल अध्यादेश–2024 को लेकर शासन से आए दिशा–निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन कराया जाएगा। कौन सी जमीन फ्री होल्ड और किन जमीनों का पट्टा अवधि समाप्त हो गया है, इसकी सूची बन रही है। सोमवार से अतिरिक्त अनुभवी कर्मचारी लगाकर इसे जल्द तैयार करा लेंगे। इसके बाद नोटिस जारी किया जाएगा।

# दिल्ली से आ रही निजी बस खड़ी ट्रक में घुसी, पांच घायल



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले में रविवार को हाईवे पर खलीलाबाद के सरौली के समीप सड़क पर खराब खड़े ट्रक में दिल्ली से आ रही प्राइवेट बस पीछे से घुस गई। दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल से गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

सरौली गांव के समीप हाइवे पर सड़क के किनारे पहले से ही खराब ट्रक खड़ा था। इसी बीच दिल्ली से सवारी लेकर आ रही एक निजी बस पीछे से ट्रक में भिड़ गई। इसमें कान्हा निवासी हाथरस, रविंद्र यादव निवासी नाथनगर, संतकबीरनगर और राजू कुमार व इंद्रावती पता अज्ञात व एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। रविंद्र यादव व दो अन्य की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बाकी दो का जिला अस्पताल और निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# ट्रैक्टर की ठोकर से युवक की मौत

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले में खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा धनघटा रोड पर हुआ। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महुली थाना क्षेत्र गूमानारी निवासी रविन्द्र कुमार यादव (42) पुत्र राम कृपाल खलीलाबाद के घोरखल में पत्नी के साथ मकान लेकर रहते थे। वह मार्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान धनघटा रोड पर एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने ट्रैक्टर चालक को घोर लिया। रविन्द्र को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। रास्ते में उनकी मौत हो गई। शव लेकर वापस लौटे लोग कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बीच ट्रैक्टर चालक मौका पाकर फरार हो गया।

# नौ स्कूलों को मान्यता निरस्त करने की नोटिस, तीन प्रधानाचार्यों का वेतन बाधित

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** यू–डायस पोर्टल पर स्कूल, टीचर और विद्यार्थियों की प्रोफाइल अपलोड करने में जिले के विद्यालय रुचि नहीं दिखा रहे हैं। नए सत्र में अभी तक जिले के 40 माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबंधित विद्यालयों ने डाटा अपलोड नहीं किया है। डीआईओएस ने इन विद्यालयों पर सख्त रुख अपनाया है। नोटिस जारी कर डाटा अपलोड करने का अंतिम मौका दिया है। इसके अलावा तीन प्रधानाचार्यो का मार्च माह का वेतन रोक दिया गया है जबकि नौ विद्यालयों को मान्यता निरस्त करने की अंतिम चेतावनी दी है। शिथिलता बरतने पर शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़, किसान इंटर कॉलेज उस्का बाजार, आचार्य बद्रीनाथ संस्कृत माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है। वहीं पब्लिक मांटेसरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औसानपुर, गंगाधर दुबे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोखरभिटवा, चौधरी सुभाष चंद्र ग्रामइंका, स्व. सत्यदेव सिंह कन्या इंटर कॉलेज कुर्थिया, श्री उदयभान चौधरी इंटर कॉलेज परसौना, चंद्रा पटेल हाईस्कूल पाली, मेवाती देवी इंटर कॉलेज तिलौली, हामिद कासिम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ककरा पोखर, आदर्श जनता उच्चतर माधियमक विद्यालय महदेवा बाजार के प्रधानाचार्यों को नोटिस भेजते हुए प्रगति ठीक न होने पर जिलाधिकारी की ओर से संस्तुति के बाद मान्यता निरस्त करने की कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि यू–डायस पोर्टल पर डाटा अपलोड न करने के मामले में लापरवाह विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी की गई है। उन्हें पोर्टल पर विद्यालय का ब्योरा अपलोड करने के लिए एक बार और अंतिम मौका दिया गया है। इसके बाद लापरवाही बरतने वाले विद्यालयों के खिलाफ मान्यता निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# अब विस्फोटक लेकर नहीं चलेंगे रेलवे के ड्राइवर और गार्ड, इंजन में लगेगा बॉक्स

**संवाददाता–गोरखपुर।** रेलवे के ड्राइवरों और गार्डों को अब विस्फोटक लेकर नहीं चलना होगा। इन दोनों फ्रंट लाइन कर्मचारियों को ट्रॉली बैग में पटाखा रखकर घर से ड्यूटी और ड्यूटी से घर आने–जाने की झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। गार्डों और चालकों को मिलने वाले पटाखे और अन्य उपकरण गार्ड रूम और इंजन में बने बॉक्स में रखे जाएंगे। इस व्यवस्था से गार्डों के सामने घर आते–जाते बैग से पटाखा खो जाने का भय नहीं रहेगा। साथ ही भारी–भरकम ट्रॉली बैग लेकर चलने की भी मजबूरी नहीं रहेगी। वे आराम से अपनी ड्यूटी तो करेंगे ही साथी सुकून घर भी आना–जाना कर सकेंगे। दरअसल गार्डों के सामने इस समय सबसे बड़ा डर पटाखा को बैग में रखकर उसकी सुरक्षा का है। उन्हें हर समय यह डर सताता है कि कहीं रास्ते में उनका बैग चोरी या खो गया तो वह पटाखे का हिसाब से कहां से देंगे। चूंकि वह विस्फोटक होता है ऐसे में उसका कोई दुरुपयोग



भी कर सकता है। लेकिन जल्द ही इस तरह की आशंकाएं दूर हो जाएंगी।

ट्रॉली बैग लेकर चलने का विरोध करने वाले गार्ड और लोको पायलट के यूनियनों ने जमकर की थी लेकिन रेलवे बोर्ड ने सभी दलीलों को दर किनार करते हुए ट्रॉली बैग लेकर ट्रेन चलाने की अनिवार्यता कर दी थी। बोर्ड ने साफ तौर पर निर्देश जारी किया है कि अब सभी लोको पायलट और गार्ड को ट्रॉली बैग लेकर ही चलना होगा। किसी भी सूरत में अब लाइन बाक्स नहीं दिया जाएगा। लगातार विरोध और कर्मियों की सुविधा को देखते हुए बाक्स की व्यवस्था की जा रही है। पूर्वोत्तर रेलवे गार्ड काउंसिल के जोनल महासचिव शीतल प्रसाद ने कहा कि यह अच्छी पहल है। बाक्स लग जाने से हमे उपकरण साथ लेकर नहीं चलना होगा। सबसे अच्छी बात तो यह होगी कि पटाखा साथ लेकर नहीं चलना होगा। खो जाने पर मुकदमे का डर नहीं रहेगा।

# कार से कुचल कर सगे भतीजों ने की थी शांति देवी की हत्या!

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले के महुली थाना क्षेत्र के सांखी गांव की रहने वाली शांति देवी की हत्या उनके भतीजों ने रिश्तेदार के साथ मिलकर कार से कुचलकर की थी। पुलिस की जांच में तथ्य सामने आया। महुली पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दो नामजद और दो अज्ञात आरोपियों की तलाश अभी जारी है। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया। पुलिस ने घटना में शामिल इंडिगो कार, मृतका की शॉल, बैंक पासबुक, आधार कार्ड व पैन कार्ड को भी बरामद किया है।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि 9 मार्च को माया पाण्डेय पत्नी मारकण्डेय पाण्डेय निवासी भीटी खोरिया थाना खजनी जनपद गोरखपुर प्रार्थना पत्र देकर अपनी बहन शान्ति देवी (65) पत्नी स्वर्गीय रमेश राय निवासी सांखी, थाना महुली के गायब होने की सूचना दी। उन्होंने बताया कि सात मार्च को घर से बस्ती न्यायालय मुकदमें की पैरवी में लिए गई थीं, तबसे लापता थी। इस बीच आठ मार्च को सहजनवा क्षेत्र के सुरगहना बांध रोड पर एक महिला का शव प्राप्त हुआ, जिसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में पहचान हेतु रखा गया। इस सूचना पर माया पाण्डेय को भेजा गया। उन्होंने शव की पहचान शांति देवी पत्नी स्वर्गीय रमेश राय के रूप में की। इसके बाद पोस्टमार्टम के बाद 12 मार्च को शव का अंतिम संस्कार किया गया। माया पाण्डेय की तहरीर पर पौहारी शरण राय पुत्र परमात्मा राय निवासी डुमरिया सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। इंस्पेक्टर सतीश कुमार सिंह ने जांच के दौरान पुरुषोत्तम तिवारी पुत्र चक्रधर तिवारी निवासी झकही चक बेल्डुहा व सूर्यदेव राय पुत्र रामपति राय निवासी बैडड़वा, थाना महुली को ग्राम मुकुन्दपुर के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि विकास राय पुत्र सुभाष चन्द्र राय, विनय पुत्र सुभाष चन्द्र राय, पौहारी शरण राय पुत्र परमात्मा राय व जयप्रकाश राय पुत्र दयानन्द राय निवासी डुमरिया थाना महुली ने नाथनगर में शान्ति देवी की हत्या करने की योजना विकास राय के चचेरे मामा सूर्य देव राय और टेंपो चालक पुरुषोत्तम तिवारी के साथ मिलकर बनाई। योजना के अनुसार सूर्यदेव राय व पुरुषोत्तम तिवारी, शान्ति देवी को बस्ती कचहरी में तारीख पर ले जाने के बहाने इंडिगो कार में बैठाकर बस्ती ले गए। कार अंबेडकरनगर जनपद की थी। बस्ती मुकदमा देखकर वापस लौटते समय रास्ते में नींद की दवा की भारी डोज देकर उनको बेसुध कर काफी देर तक इधर–उधर घुमाने के बाद टोल प्लाजा बचाने के उद्देश्य से पौली, शनिचरा बाजार, धनघटा होते हुए मेंहदावल बाईपास खलीलाबाद पहुंचे। जहां दो बाइक पर शेष चारों अभियुक्त पहुंच गए। मेंहदावल बाईपास पर गाड़ी में तेल भराने के बाद तयशुदा जगह सुरगहना बंधा थाना सहजनवां पहुंचे। वहां शांती देवी को गाड़ी से निकालकर सड़क पर लिटा दिया फिर इंडिगो कार से कुचलकर शान्ति देवी की हत्या कर दी। निर्दयता इतनी दिखाई की कार को शांति देवी के ऊपर तीन बार चढ़ाया।

# 495 साल बाद भव्य महल में होली खेलेंगे रामलला, लगेंगे 56 भोग, मंदिर में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम



**संवाददाता–अयोध्या।** रामनगरी में इस बार राममंदिर की होली सभी के लिए आकर्षण का केंद्र होगी। 495 साल बाद रामलला की होली भव्य महल में होने जा रही है। इसलिए रामलला के दरबार में धूमधाम से होली मनाने की तैयारी है। ट्रस्ट ने इसकी योजना बनानी भी शुरू कर दी है। होली का स्वरूप क्या होना चाहिए, इस पर पुजारियों से चर्चा चल रही है। भव्य महल में रामलला की यह पहली होली होगी। 1528 में मुगल सम्राट बाबर के सेनापति मीर बाकी के हमले के बाद रामलला के लिए कोई भी उत्सव परंपरा निर्वहन तक ही सीमित रह गई थी। अब 495 साल बाद रामलला जब टेंट से अस्थायी और भव्य महल में विराजे हैं तो उत्सव भी भव्य होगा।भव्य महल में रामलला की पहली होली को लेकर संत–धर्माचार्यों एवं भक्तों में खासा उल्लास है। दूसरी तरफ रामनगरी के मंदिरों में भी इस बार राममंदिर वाली होली का आयोजन किए जाने की तैयारी है। संतों का कहना है कि होली पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी पूरे उत्साह के साथ बयां की जाएगी। श्रीरामजन्मभूमि के पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि इस बार भक्तों को रामलला के साथ होली खेलने का अवसर मिले, ऐसी तैयारी की जा रही है। रामलला को नए वस्त्र धारणकराकर विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग लगाया जाएगा। 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसके बाद अबीर–गुलाल अर्पित कर होली का उत्सव मनाएंगे। इस बार राममंदिर के गर्भगृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, होली के गीतों व पदों का गायन होगा।

# आचार संहिता से नहीं थमेगी शहर में विकास कार्यों की रफ्तार

**संवाददाता–गोरखपुर।** 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को तारीखों के एलान के साथ आचार संहिता भी लागू हो गई। लेकिन यह आचार संहिता शहर के विकास कार्यों में बाधा नहीं बनेगी। क्योंकि इसके लागू होने से पहले ही नगर निगम ने 459 करोड़ 19 लाख रुपये के 247 कार्यों के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली है। कई कार्यो के लिए नगर निगम ने वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिए हैं। हालांकि राप्ती नदी पर एकला बांध पर 15 करोड़ से बनने वाले रिवर फ्रंट के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी है।

जिन कार्यों के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी की गई उनमें राष्ट्रीय स्वच्छ वायु प्रोग्राम अंतर्गत सीसी सड़क, साइड पटरी, डिवाइडरों पर ग्रीन बेल्ट के विकास के 6.69 करोड़ रुपये के दो कार्य, नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट योजना अंतर्गत 56.76 करोड़ रुपये की लागत से बाढ़ नियंत्रण के लिए अर्बन फ्लड रिस्क मैनेजमेंट प्रोग्राम अंतर्गत बाढ़ पम्पिंग स्टेशन, अर्ली वार्निंग सिस्टम एवं नाला निर्माण का कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री–ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) अंतर्गत महानगर में 45 करोड़ से बनने वाली तीन सड़कों के टेंडर नगर निगम ने कर दिया है। इन सड़कों का निर्माण सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीच्यूट की ओर से प्रस्तावित नवाचार की यूज ऑफ प्लास्टिक तकनीक के जरिए होगा। इस तकनीक बनने वाली सड़क पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित होगी बल्कि सड़कें कम खर्च में ज्यादा टिकाऊ भी बनेगी। एक किलोमीटर सड़क निर्माण में 800 किलोग्राम प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है।

## डुमरियागंज से आजमगढ़ के लिए मिली सीधी बस सेवा

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज से आजमगढ़ तक सीधी बस सेवा का संचालन न होने से लोगों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चार घंटे के सफर में कभी–कभी पूरा–पूरा दिन लग जाता है। अब संचालन सेवा शुरू हो जाने से अब लोग दिन में ही अपना काम निपटना कर वापस अपने घर लौट सकते हैं। रमेश कुमार यादव, अनवर आलम, राजेश प्रसाद, मोहम्मद अशरफ आदि ने कहा कि अब डुमरियागंज से आजमगढ़ तक का सफर करना आसान हो जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए एआरएम बस्ती की ओर से जारी शेड्यूल के मुताबिक सुबह सात बजे डुमरियागंज बस स्टेशन से आजमगढ़ के लिए प्रस्थान करेगी और यह बस सुबह 8.30 बजे बस्ती, 10.30 बजे अकबरपुर और 12.45 बजे आजमगढ़ पहुंचेगी।

# राप्ती नदी में मछुआरों के काटे में फंसा मिला अधेड़ का शव

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** पथरा बाजार थाना क्षेत्र के सेहरी घाट गांव निवासी एक अधेड़ का शव रविवार को बघनी गांव के पास राप्ती नदी में मछुआरों के काटे में फंसा मिला। पुलिस ने शव नदी से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के सेहरी घाट गांव निवासी अनिल यादव (55) शनिवार की शाम तीन बजे घर से किसी काम से निकला था लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं आया। इसके बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू की काफी देर बाद गांव से थोड़ी दूर पर राप्ती नदी के तट पर उनका चप्पल और डंडा पड़ा मिला। इससे परिजनों को उसके नदी में डूबने की आंशका हुई। तलाश शुरू हुई पर पता नहीं चल पाया। रविवार सुबह गांव से दो किलोमीटर दूर राप्ती नदी में बघनी गांव के पुल के पास मछुवारे के मछली मारने वाले काटे में एक शव फंसा मिला।

सूचना पर अनिल यादव के परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त अनिल के रूप में की। थानाध्यक्ष भाग्यवती पाण्डेय ने बताया कि मृतक की पत्नी सुभावती की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दो भाईयों ने कार को मोडीफाई कर बनाया हेलीकाप्टर, पुलिस ने किया सीज




**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में देखा सकता है कि कार को मोडीफाई करके हेलीकॉप्टर में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस ने कार वाली हेलिकॉफ्टर को सीज कर दिया है। बताया जा रहा है अंबेडकर के रहने वाले हैं दोनों भाईयों ने मिलकर शादी में दुल्हन ले– जाने के लिए कार को मोडीफाई किया और उसे हेलीकॉप्टर बना दिया। रविवार को मालीपुर थाना क्षेत्र के खजुरी बाजार के रहने वाले दोनों भाई कारवाली हेलीकॉप्टर को पेंट कराने के लिए लेकर जा रहे थे। जैसे ही अकबरपुर बस अड्डे के पास कार पहुंची तो पुलिस ने रुकवा दिया। इसके बाद पुलिस ने कारवाली हेलीकॉप्टर को सीच कर दिया। वहीं, इस घटना का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। अब ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

# मिनी मैराथन दौड़ बालक वर्ग में आदित्य, बालिका वर्ग में पूजा अव्वल

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। विश्व गुरु भारत न्यास द्वारा रविवार को मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मिनी मैराथन के अंतर्गत हरैया क्षेत्र के उभाई शंकर जी के मंदिर से महादेवरी माता कात्यानी मंदिर तक कुल 5 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता कराई गई।मैराथन में सैकड़ो प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें बालक वर्ग में आदित्य यादव तथा बालिका वर्ग में पूजा यादव अवल रहीं।

बालक और बालिका वर्ग में अलग–अलग प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता इं. वीरेंद्र कुमार मिश्र विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रमुख योगेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र त्रिपाठी, राम



सिंगर ओझा, रोहित त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से युवा वर्ग को प्रेरित करने का अवसर मिलता है। मिनी मैराथन प्रतियोगिता आयोजन समिति के सदस्यों की तारीफ करते हुए कहा कि यह आयोजन निश्चित रूप से समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है। इस तरह के आयोजन बराबर होने चाहिए और युवाओं को इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा भी लेना चाहिए। इस अवसर पर डॉ विनोद शुक्ल, माधव दास ओझा, प्रेम शंकर ओझा, जगदंबा प्रसाद, अमरनाथ शुक्ल, संतोष शुक्ल, आशुतोष शुक्ल, रतन हिंदुस्तानी, प्रेम शंकर शुक्ल, चंदन, अभिषेक, सतीश आदि उपस्थित रहे।

# सिद्धार्थनगर जिला बनने के बाद भाजपा का रहा है दबदबा

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जिला बनने के बाद डुमरियागंज संसदीय सीट पर भाजपा का दबदबा रहा है। 29 दिसंबर 1988 को सिद्धार्थनगर नाम से जिला बनने के बाद से अब तक डुमरियागंज संसदीय सीट पर नौ बार चुनाव हो चुका है। इसमें सबसे अधिक पांच बार भाजपा और एक–एक बार सपा–बसपा–कांग्रेस व जनता दल को जीत मिली है। हालांकि सिद्धार्थनगर जिला बनने से पहले डुमरियागंज संसदीय सीट पर कांग्रेस का दबदबा रहा है। कांग्रेस ने यहां से सात बार जीत दर्ज की है। इसमें से छह बार सिद्धार्थनगर जिला बनने से पहले जीत दर्ज की है। जिला बनने से पहले डुमरियागंज संसदीय सीट पर आठ बार चुनाव हुआ है। इसमें छह बार कांग्रेस, एक बार भारतीय जन संघ व एक बार बीएलडी जीती है। 1988 में जिला बनने के बाद से भाजपा का दबदबा रहा है। जिला बनने के बाद कांग्रेस को इस सीट पर सिर्फ एक बार 2009 में जीत मिली थी।

कांग्रेस प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने भाजपा प्रत्याशी जय प्रताप सिंह को हरा कर जीत दर्ज की। इसके बाद जगदंबिका पाल ने अगले चुनाव से भाजपा का दामन थाम लिया और तब से लगातार 2014 व 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज कर चुके हैं। इस बार भी भाजपा ने जगदंबिका पाल पर भरोसा जताया है। 1988 में सिद्धार्थनगर जिला बनने के बाद डुमरियागंज संसदीय सीट पर 1989 में हुए चुनाव में जनता दल ने बाजी मारी थी। जनता दल के बृजभूषण तिवारी ने कांग्रेस के काजी जलील अब्बासी को हराया था।

दैनिक
भारतीय बस्ती
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय
प्रबन्ध सम्पादक–दिनेश सिंह
संयुक्त सम्पादक–प्रदीप चन्द्र पाण्डेय
अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
लखनऊ कार्यालय–
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
गोरखपुर कार्यालय–
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेलbhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com